दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 66
कोटद्वार गुरूवार
29 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## खत्म हुआ चंद्रयान-3 का इंतजार, 13 जुलाई को होगी लॉन्चिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चंद्रयान-3 का काउंटडाउन शुरू हो गया है। इसकी लॉन्चिंग की तारीख भी सामने आ चुकी है।भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (करूफ्ह) 13 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से चंद्रयान-3 को लॉन्च करेगा। लॉन्चिंग किस वक्त होगी? इसकी जानकारी भी सामने आ गई है।

बता दें कि चंद्रयान-3 श्रीहरिकोटा से 13 जुलाई को दोपहर 2 बजकर 30 मिनट बजे लॉन्च किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग 13 जुलाई को दोपहर ढाई बजे निर्धारित की गई है।

यह चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग और घूमने में एंड-टू-एंड क्षमता प्रदर्शित करने के लिए चंद्रयान -2 का अनुवर्ती मिशन है। इसमें लैंडर और रोवर कॉन्फ़िगिरेशन है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान प्रक्षेपण के लिए तैयार है और जुलाई में इसकी लॉन्चिंग होगी।

ज्ञात जानकारी के मुताबिक, चंद्रयान-3 मिशन चंद्रयान-2 का ही फॉलोअप मिशन है। भारत ने 2019 में चंद्रयान-2 के जरिए इस मिशन को हासिल करने की कोशिश की थी। हालांकि, मिशन में सफलता नहीं मिली थी। जिसके बाद चंद्रयान-3 की बात उभर कर सामने आई और अब चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग तारीख भी सामने आ गई।

चंद्रयान का लैंडर विक्रम चंद्रमा पर लैंड करने से पहले ही कुछ किमी की ऊंचाई पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दौरान लैंडिंग साइट से संपर्क टूटने के कारण लैंडिंग सफलतापूर्वक नहीं हो पाई थी।



## हाईटेंशन बिजली की तार के चपेट में आया रथ, छह लोगों के मरने की खबर, 15 अन्य घायल

**अगरतला , एजेंसी।** त्रिपुरा के उनाकोटी जिले में हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से रथ में आग लग गई। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक यह घटना अपराह्न 4:30 बजे कुमार घाट इलाके में भगवान जगन्नाथ के उलटा रथ यात्रा के दौरान हुई।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, हजारों की संख्या में श्रद्धालु लोहे से बने रथ को खींच रहे थे, तभी 133 केवी के तार से रथ ऊपरी हिस्सा छू गया। एआईजी (कानून व्यवस्था) ज्योतिष्मान दास चौधरी ने बताया छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 15 झुलस गए जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने मौतों पर दुख जताया है। उन्होंने कहा, कुमारघाट पर एक दुखद दुर्घटना में कई तीर्थयात्रियों की जान चली गई और 'उल्टा रथ' खींचते समय करंट लगने से कई अन्य घायल हो गए। मैं इस घटना से बहुत दुखी हूं। शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना। साथ ही, मैं घायलों के लिए कामना करता हूं। लोग शीघ्र स्वस्थ हो जाएं। राज्य सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है।गौरतलब है, रथयात्रा के एक हफ्ते बाद भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के साथ अपने घर लौटते हैं।

## 2016 में राजभवन ने नहीं दी थी लोकायुक्त को मंजूरी: हरीश रावत

**देहरादून।** पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा है कि उनकी सरकार ने 2016 में ही लोकायुक्त बैंच के लिए अध्यक्ष और सदस्यों का नाम फाइनल कर दिया था। लेकिन इसे राजभवन से मंजूरी नहीं मिल पाई। प्रदेश में लोकायुक्त गठन किए जाने को लेकर आए हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड में भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया है।

## सीएम धामी ने दी प्रदेशवासियों को ईद-उल-जुहा की बधाई एवं शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों विशेष तौर पर राज्य के मुस्लिम नागरिकों को ईद-उल-जुहा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि खुशियों का यह त्यौहार त्याग, बलिदान और आपसी विश्वास का संदेश देता है तथा मानवता और भाईचारे को सुदृढ़ बनाने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने त्यौहार शांति आपसी सद्भाव के साथ मनाने की भी अपील की है।

इस सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने पुलिस महानिदेशक श्री अशोक कुमार को सम्बोधित पत्र में स्पष्ट किया है कि 29 जून, 2023 को ईद-उल-जुहा के पर्व के अवसर पर साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शान्ति/कानून व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में सुदृढ़ पुलिस प्रबन्ध सुरक्षा व्यवस्था अपने निकट पर्यवेक्षण/निर्देशन में कराना सुनिश्चित करें जिससे किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाये और कानून व्यवस्त्या अक्षुण्ण बनी रहे।

उन्होंने कहा कि ईद-उल-जुहा के त्यौहार को शान्ति एवं सौहार्द पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु विशेष सतर्कता अपेक्षित है। प्रदेश में स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्र को सक्रिय करने एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले सूचनाओं का तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर एवं व्हाट्सअप आदि पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। भ्रामक सूचना प्रसारित होने पर विधिक कार्यवाही करते हुए तत्काल उसके खण्डन की प्रभावी कार्यवाही की जाए।

## गिरासू भवन का हिस्सा हुआ धराशायी, बाल-बाल बची जानें

### बाजार चौकी के समीप धराशायी हुआ गिरासू भवन का हिस्सा , मलबे की चपेट में आने से दो दोपहिया व एक कार हुई क्षतिग्रस्त

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** बाजार चौकी के समीप स्टेशन रोड में एक गिरासू भवन का दो मंजिला हिस्सा धराशायी हो गया। गनीमत यह रही मलबा राह चलते लोगों के ऊपर नहीं गिरा जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। गिरासू भवन के नीचे वाले हिस्से में एक होटल भी संचालित हो रहा है। घटना के समय होटल में बैठकर कई लोग खाना खा रहे थे। मलबे की चपेट में आने से दो दोपहिया व एक कार क्षतिग्रस्त हो गई।

स्टेशन रोड में गोविंद नगर को जाने वाली गली के प्रवेश द्वार पर स्थित एक गिरासू भवन का हिस्सा अचानक धराशायी हो गया। मलबा गिरते ही स्टेशन रोड से आवाजाही कर रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। गिरासू भवन के निचले हिस्से में संचालित होटल में बैठकर खाना खा रहे लोग भी दहशत में आ गए। बाजार चौकी पुलिस ने लोगों को होटल से बाहर निकाला। बाजार चौकी प्रभारी प्रद्युमन नेगी ने बताया कि मलबे की चपेट में आने से होटल के बाहर खड़ी दो बाइक व एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। सड़क किनारे खड़ी उक्त कार के भीतर एक महिला व उसका छोटा बच्चा बैठा हुआ था। मलबे का बड़ा हिस्सा कार के अगले हिस्से में जाकर गिरा था। गिरासू भवन के प्रथम तल पर सात दुकानें किराए पर चल रही है। यह गिरासू भवन लैंसडौन निवासी देवेंद्र शाह व योगेश शाह के नाम पर हैं। भवन के मालिकों व किराएदारों का हाईकोर्ट में केस चल रहा है।

### नगर निगम नहीं दे रहा ध्यान

कोटद्वार शहर में आधे दर्जन से अधिक गिरासू भवन हैं। लेकिन, नगर निगम इनको ध्वस्त करने को लेकर लापरवाह बना हुआ है। नगर निगम भवन स्वामियों को नोटिस थमाकर अपने कार्यों की इतिश्री कर देता है। जबकि, इसके आगे की कार्रवाई नहीं की जाती। नतीजा यह गिरासू भवन शहर वासियों के लिए खतरा बने हुए हैं।



कोटद्वार स्टेशन रोड में धराशायी हुआ गिरासू भवन



# जल जीवन मिशन कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें



जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र ने बुधवार को जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत द्वितीय चरण में संचालित योजनाओं का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रथम चरण के जो कार्य पूर्ण हो चुके है उनका सत्यापन कराते हुए शीघ्र भुगतान किया जाए। गैरसैंण, पोखरी, नारायणबगड एवं थराली ब्लाक में 93 प्रतिशत से कम घरेलू जल संयोजन होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया। उन्होंने निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए अगली समीक्षा से पूर्व प्रत्येक ब्लाक में कम से कम 97 प्रतिशत एफएचटीसी का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मनरेगा एवं पंचायत राज से समन्वय स्थापित करते हुए जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जाए। हर घर जल ग्रामों का मिशन मूड में शत प्रतिशत सत्यापन किया जाए। इस दौरान सभी डिवीजनों के अन्तर्गत संचालित कार्यों की गहनता से समीक्षा की गई। जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी ने बताया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत में 77650 घरेलू जल संयोजन के सापेक्ष अभी तक 72823 घरेलू जल संयोजन किए जा चुके है ।

## विभिन्न संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

देहरादून। मजबूत भू–कानून, स्मार्ट सिटी के आधे अधूरे काम, नगर निगम में अनियमितता व सरकारी जमीनों पर कब्जों जैसी समस्याओं को लेकर विभिन्न संगठनों व राजनैतिक दलों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। प्रदर्शनकारियों ने सरकारी संरक्षण में भूमाफियाओं द्वारा जमीनों पर कब्जे रोकने के लिए मजबूत भू कानून, राज्य आंदोलनकारियों का चिन्हीकरण करने, स्मार्ट सिटी के अव्यवस्थित कार्यों की वजह से कारोबार प्रभावित होने, आम शहरियों को परेशानी होने, नगर निगम में आउटसोर्स नौकरियों में भ्रष्टाचार, टैक्स विभाग में अनियमितता, बस्तियों का नियमितीकरण करने, बिगड़ती कानून व्यवस्था को ठीक करने, बढ़ती महगांई की रोकथाम, हाउस टैक्स, बिजली–पानी के बढ़े बिल वापस लेने, जल भराव की दिक्कतों को दूर करने, फैक्ट्रियों में श्रम कानूनों का पालन सुनिश्चित करने, समान कार्य समान वेतन देने जैसी कुल 19 सूत्रीय मांगों का मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा। ज्ञापन तहसीलदार मुकेश रमोला को सौंपा गया। मौके पर राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी के नवनीत गुसाईं,पीपुल्स फोरम, आंदोलनकारी सम्मान परिषद, महिला मंच, महिला समिति, एआईएलयू आदि संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।



## विशाखा श्री सारदा पीठम ऋषिकेश के स्वामी श्री स्वात्मनन्देन्द्र सरस्वती ने की सीएम धामी से भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को सचिवालय में विशाखा श्री सारदा पीठम ऋषिकेश के स्वामी श्री स्वात्मनन्देन्द्र सरस्वती ने भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 02 व 03 जुलाई, 2023 को श्री शारदा पीठम ऋषिकेश में आयोजित शुभ गुरु पूजा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का भी आमंत्रण दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि श्री सारदा पीठ की ऋषिकेश, वाराणसी, श्रीशैलम, विशाखापत्तनम, हैदराबाद और दक्षिण और उत्तर भारत के कई अन्य स्थानों में मंदिर और 72 'शाखा पीठम' भी स्थापित है। धार्मिक गतिविधियों के साथ–साथ अन्न दान, गो (गाय) संरक्षण (संरक्षण और सम्मान), वन संरक्षण, वैदिक उपनिषद शिक्षा, मुफ्त चिकित्सा सुविधाएं, पुस्तकालय, रक्तदान शिविर आदि जैसे धर्मार्थ प्रयास भी शारदा पीठ की ओर से किये जाते है।

## ईद पर ये रहेगा ट्रैफिक प्लान

देहरादून। ट्रैफिक पुलिस ने ईद के त्योहार को देखते हुए ट्रैफिक प्लान जारी कर दिया है। गुरुवार सुबह सात बजे से नमाज समाप्ति तक शहर में जगह–जगह ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। घंटाघर, बिंदाल तिराहा, किशननगर चौक, बल्लूपुर चौक, कौलागढ़ चौक, टर्नर रोड, सुभाषनगर तिराहा, चंद्रबनी चौक पर पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ ही बैरियर प्वाइंट बनाए गए हैं। साथ ही क्लेमनटाउन ईदगाह में नमाज के दौरान दिल्ली हाईवे ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा।बिंदाल ईदगाह के लिए ट्रैफिक प्लानः बिंदाल ईदगाह में नमाज के दौरान घंटाघर से चकराता रोड की तरफ कोई वाहन नहीं जाएगा। दर्शनलाल चौक से घंटाघर होते हुए कैंट और बल्लुपूर जाने वाले वाहनों को राजपुर रोड की तरफ डायवर्ट किया जाएगा, जो दिलाराम चौक से हाथीबड़कला होते हुए जाएंगे। किशननगर चौक से शहर की तरफ आने वाले यातायात को कैंट और कौलागढ़ होते हुए दिलाराम और बल्लूपुर चौक की तरफ डायवर्ट किया किया जाएगा।चंद्रबनी से डायवर्ट होगा ट्रैफिकः क्लेमनटाउन ईदगाह के लिए भी प्लान बनाया गया। यहां सहारनपुर और दिल्ली मार्ग से आने वाले वाहनों को चंद्रबनी मोड़ से वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट की ओर डायवर्ट किया जाएगा। वाहन जीएमएस रोड शिमला बाईपास की ओर से आईएसबीटी की तरफ जाएंगे। आईएसबीटी से सहारनपुर और दिल्ली मार्ग की ओर जाने वाले वाहनों को टर्नर रोड से थाना क्लेमनटाउन होते हुए वाया सुभाषनगर से दिल्ली और सहारनपुर की ओर भेजा जाएगा।

## सीसीटीएनएस में उत्तराखंड का पहला स्थान

देहरादून। क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) में उत्तराखण्ड पुलिस को राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की मई 2023 की पर्वतीय राज्यों की मासिक रैंकिंग में प्रथम स्थान मिला है। जबकि पूरे देश में राज्य पुलिस को तीसरा स्थान मिला है। डीजीपी अशोक कुमार ने इसके लिए सीसीटीएनएस टीम को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि विभिन्न मापदंडों में पूर्ण अंक प्राप्त करते हुए उत्तराखंड पुलिस ने हिमालयी राज्यों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वर्तमान में जारी की गई रैंकिंग में उत्तराखण्ड 97.44 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, हिमाचल प्रदेश 96.15 प्रतिशत के साथ दूसरे, अरूणाचल प्रदेश 90.67, मिजोरम 88.06 और त्रिपुरा 76.77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर रहा।

## ग्रामीण क्षेत्र में पिंजरा लगाने की मांग उठाई

नई टिहरी : टिहरी जनपद के थौलधार ब्लाक के गांवों में गुलदार की दहशत बनी हुई। जिसके चलते लोग पिंजरा लगाने की मांग गुलदार पकड़ने को कर रहे हैं। जिस बाबत जन प्रतनिधियों ने डीएम को पत्र लिखकर वन विभाग से कार्यवाही करवाने की मांग की है। बंस्यूल क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य जयवीर रावत ने डीएम डा. सौरभ गहरवार को पत्र प्रेषित कर जनपद के ब्लाक थौलधार के गांवों में गुलदार को पकड़ने के लिए डीएफओ से पिंजरे लगवाने की मांग की है। बतया कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुलदार की आवाजाही से ग्रामीण आतंकित हैं। रावत ने डीएम को लिखे पत्र में बताया है कि जनपद टिहरी के थौलधार ब्लाक का अधिकांश हिस्सा उत्तरकाशी जनपद के चिन्यालीसौड़ से लगा हुआ है। गत समय में गुलदार चिन्यालीसौड़ में महिलाओं का अपना निवाला बना चुका है। चिन्यालीसौड़ से लगे थौलधार ब्लाक के क्यारी-चापड़ा, कौडूं-कटखेत, सरोट-खांड, विडकोट, लवाणी-कस्तल, बंस्यूल-क्यार्दा, गोचमेर-बगालचक, घियाकोटी-घोन, कंडीसौड़, स्यांसू, उप्पु सिंराई, भल्डियाना आदि में गुलदार बकरियों व पालतु जानवरों को अपना निवाला बना चुका है।

## अकादमिक टीम ने बादशाहीथौल परिसर को बेहतर बनाने के लिए मांगे सुझाव

नई टिहरी : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय परिसर बादशाहीथौल का अकादमिक टीम ने गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर को बेहतर बनाने के लिए तमाम सुझाव टीम ने दिये। बुधवार को बादशाहीथौल परिसर का पूर्व कुलपति प्रो. एमएमएस रावत, श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. यूएस रावत, हिमालयन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. जेपी पचौरी की तीन सदस्यीय टीम ने परिसर के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों एवं पुस्तकालय का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण में टीम ने अपने अहम सुझाव भी देते हुए परिसर में किए जा रहे अच्छे कामों की सराहना की। पूर्व कुलपति उच्च शिक्षा सलाहकार उत्तराखंड सरकार प्रो. एमएमएस रावत ने परिसर के शिक्षकों, विभागाध्यक्ष तथा निदेशक को सुझाव दिया कि परिसर में अधिक से अधिक शोध कार्यों को करवाया जाए और जो परिसर की मजबूती है, उसमें पुस्तकालय के कार्य विजन विभागों में शोध कार्य हो रहे हैं, उनकों बढ़ावा दिया जाए। प्रो. जेपी पचौरी ने सभी विभागाध्याक्षों से अनुरोध किया कि, छात्र–छात्राओं की अधिक से अधिक गतिविधियों को बढ़ाया जाए। जिससे शैक्षणिक एवं प्रशासनिक की गुणवत्ता में निखार हो सके तथा विश्वविद्यालय को मिलने वाली अनुदान में भी वृद्धि हो सके। डा. यूएस रावत ने परिसर निदेशक को यह सुझाव दिए कि परिसर में वाटर स्पोर्ट्स के संबंधित पाठ्यक्रम जिसमें नौकायन, वाटर स्पोर्ट्स की विभिन्न गतिविधियां, पैराग्लाइडिंग आदि के कोर्स प्रारंभ किए जा सकते हैं। यहां पर पर्यावरण की दृष्टि से टूरिज्म, योगिक साइंस के कोर्स आरंभ हो सकते हैं। आगामी समय में नए पाठ्यक्रमों की तरफ छात्रों का रुझान को बढ़ाया जा सकता है। अकादमिक टीम के सदस्यों ने परिसर की जन्तु विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं पुस्तकालय के कार्यों का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर परिसर निदेशक प्रो. एए बौड़ाई ने अकादमिक एवं प्रशासनिक निरीक्षण समिति के सभी सम्मानित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि टीम के निरीक्षण से परिसर को नए मार्गदर्शन व सुझाव मिले हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 21 दिवसीय स्वास्थ्य योग शिविर संपन्न

उत्तरकाशी : योग निकेतन केंद्र उत्तरकाशी में 21 दिवसीय संपूर्ण स्वास्थ्य योग शिविर का समापन हुआ। केदार स्नान घाट पर 28 जून तक चले निःशुल्क योग शिविर में शहर के लोगों ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया तथा योग से जुड़े विभिन्न पहुलुओं को सीखा। बुधवार को योग निकेतन केंद्र में योग व यज्ञ के साथ शिविर का समापन हुआ। गंगा विचार मंच के प्रदेश संयोजक लोकेंद्र सिंह बिष्ट से योग प्रशिक्षार्थियों को नमामि गंगे की टी शर्ट वितरित की। 21 दिनों तक चले शिविर में योग प्रशिक्षक व योगाचार्य रंजना अनिरुद्ध, राजदीप राठी ने प्रशिणार्थियों को रोजाना सुबह 6.30 से 7.30 बजे तक योगासन करवाए। इस दौरान प्रणायाम, अनुलोम विलोम, कपालभाति, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन व मेडिटेशन का अभ्यास करवाया तथा जीवन में योगासनों से होने वाले अद्भुत फायदों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर योग लाभार्थी अनुराग रांगड़, अजय चौहान, जयपाल रावत, डॉ. जयलक्ष्मी, स्वाति, अंजलि गुसांई, आशीष, गीता आदि थे। (एजेंसी)

### मोरी के देवती गांव में डीआईओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

उत्तरकाशी : सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत मोरी प्रखंड के सुदूरवर्ती देवती गांव में जिला सूचना अधिकारी सुरेश कुमार ने क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने पीएमजीएसवाई सड़क मार्ग सरास के किमी. 10 से देवती देवन तपस्थली तक गांव को सड़क मार्ग से जोड़ने की मांग प्रमुखता से रखी। इस पर अधिकारी ने बताया कि केंद्र से फारेस्ट क्लियरेंस को लेकर आपत्ति लगी है। जिसका निस्तारण पीडब्ल्यूडी व वन विभाग द्वारा किया जाना है। लेकिन आपत्ति का निस्तारण वर्तमान तक नहीं हुआ है। ग्रामीणों द्वारा शीघ्र ही वन भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई की मांग की। ताकि गांव को सड़क मार्ग से जोड़ा जा सके। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, सिंचाई नहर, पैदल मार्ग, सार्वजनिक शौचालय निर्मित कराने की भी मांग रखी गई।

## मुख्य सचिव ने की प्रदेश में बनायी जा रही विभिन्न प्रकार की पार्किंग की प्रगति की समीक्षा



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने बुधवार को सचिवालय में प्रदेश में बनायी जा रही विभिन्न प्रकार की पार्किंग की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को पार्किंग निर्माण गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि पर्यटन प्रदेश होने के कारण और लगातार पर्यटन गतिविधियों के बढ़ने से पर्यटकों की संख्या में तेजी से उछाल आया है। इससे प्रदेश के पर्वतीय पर्यटक स्थलों में पार्किंग की समस्या भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों में आवश्यकता के अनुरूप छोटी–छोटी एवं ज्यादा संख्या में पार्किंग्स बनायी जानी चाहिए। कहा कि प्रदेश के हित में सबसे किफायती पार्किंग रोडसाईड पार्किंग हैं, जिन्हें रोड से 100–200 मीटर नई सड़क काटकर या सड़क को थोड़ा अधिक चौड़ा करके तैयार किया जा सकता है। यदि इसके लिए जगह उपलब्ध न हो तो अन्य प्रकार की पार्किंग्स पर फोकस किए जाने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन को पार्किंग निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा पाक्षिक रूप से किए जाने के निर्देश दिए।मुख्य सचिव ने कहा कि पार्किंग्स बनाते समय सुरक्षा के प्रबन्धों में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थलों के एंट्री एवं एग्जिट पॉईंट पर डिजाईन में किसी प्रकार की खामियां न हों, जिससे पार्किंग शुरू होने के बाद वह स्थान जाम के लिए नया बोटलनेक न बने। मुख्य सचिव ने टनल पार्किंग की दिशा में भी तेजी से प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टनल पार्किंग पर्वतीय नगरों की जाम की समस्या से निजात दिला सकती है। उन्होंने कैम्पटी में बनायी जा रही प्रदेश की पहली टनल पार्किंग के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण में तेजी लाने के लिए इसे स्टेट बजट से फंडिंग की जाएगी। उन्होंने टनल पार्किंग में सुरक्षा, पैदल चलने वालों की सुविधा और डिजाईन पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। कहा कि इसकी सफलता के बाद प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों में इस प्रकार की पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि कैटेगरी 'ए' एवं 'बी' में कुल 169 पार्किंग्स चिन्हित की गई है, जिसमें से 113 की डीपीआर शासन को प्राप्त हो गयी हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर.के. सुधांशु एवं सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## आनंदम व ओहो रेडियो एक नयी पहल– गाता रहे मेरा हिल

देहरादून। उत्तराखंड के लोक संगीत व उत्तराखंड के गायकों को मंच देने के लिए आनंदम व ओहो रेडियो लेकर आया है गाता मेरा हिल। जिसे श्रोताओं द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। गाता रहे मेरा दिल आनंदम व ओहो रेडियो एक नयी पहल है। इसके 17 जून के एपिसोड में गायिका प्रियंका मेहर व रैपी बॉय ने शिरकत की और अपने प्रशंसकों के सवालों के उत्तर दिए। दर्शक इस संगीतमय एपिसोड को आनंदम देहरादून के यू–ट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। इसका दूसरा एपिसोड भी पिछले शनिवार को आ चुका है। 10 एपिसोड की इस श्रृंखला में कुमाऊं गढ़वाल और जौनसार के चहेते संगीतकारों, गायकों से सवाल पूछ सकते है

# महिला आयोग ने किया आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में "निर्भय भारत – सशक्त नारी" कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को जागरुक






देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग ने राष्ट्रीय महिला आयोग के सौजन्य से आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में निर्भय भारत सशक्त नारी थीम पर देहरादून के होटल मीनाक्षी गार्डन में महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल के नेतृत्व में एक दिवसीय महिला सशक्तिकरण हेतु कानूनी व वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अथिति रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ ने शिरकत की। इस दौरान कार्यक्रम की शुरुआत संस्कृति विभाग की टीम संगम के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई।

कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण हेतु कानूनी एवं वित्तीय जागरूकता को लेकर विभिन्न क्षेत्रों से विशेषज्ञ उपस्थित रहे। जिसमे की जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून के सचिव न्यायधीश हर्ष यादव, उज्वल शिखर जन कल्याण समिति देहरादून से श्री विनय गुप्ता, शासकीय अधिवक्ता सुश्री जया ठाकुर एवं बाल विकास विभाग तथा महिला सशक्तिकरण विभाग से अन्य वक्ता गण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक रायपुर देहरादून श्री उमेश शर्मा काऊने आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित निर्भय भारत सशक्त नारी कार्यक्रम में पहुंचे सभी बहनों का अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा कि यदि हम सभी बहने संगठित रहेंगे और अपने अधिकार के लिए अपने हक के लिए लड़ें तो निश्चित रूप से ही निर्भय भारत सशक्त नारी के इस नारे को सार्थक कर पाएंगे। हम बहनों को निर्भय होकर काम करते हुए एक दूसरे को सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि आज देश व राज्य में महिलाएं को विभिन्न श्रेष्ठतम पदों में विद्यमान है कार्य कर रही है और देश व राज्य का नाम रोशन कर रही है। उन्होंने कहा कि आज महिला आयोग बहनों की चिंता करते हुए उन्हें जागरूक करने का काम कर रहा है यह बहुत ही सराहनीय कार्य है इस के लिए राज्य महिला आयोग की पूरी टीम बधाई की पात्र है।

वहीं कार्यक्रम में महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि महिला आयोग हमेशा ही महिला सशक्तिकरण को लेकर तत्परता से काम करता है।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को भी जागरूक किया जा सके इसलिए आयोग द्वारा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों के साथ महानगरों में भी धरातल पर उतर कर महिलाओं को उनके अधिकारों व कानूनी तथा वित्तीय जागरूकता के प्रयास किए जा रहे हैं। जैसे कि समाज मे महिलाओं की राजनैतिक भागीदारी व नेतृत्व बढ़ें, महिलाओं को घर के भीतर और बाहर दोनों जगह निर्णय लेने की स्वतंत्रता के साथ अवसरों संसाधनों और विकल्पों तक उनकी पहुंच को सुनिश्चित किया जा सके, महिलाओं की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए। उन्होंने कहा कि आज माननीय प्रधानमंत्री व माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में महिलाओं को विशेष स्थान दिया जा रहा है तथा महिलाओं को सशक्त करने के लिए विभिन्न योजनाओं के साथ सरकार काम कर रही है जिनकी समय समय पर महिला आयोग विभिन्न जिलों में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठकों के माध्यम से समीक्षा करता रहता है। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं से अपनी संस्कृति व संस्कारों के साथ परिवारों को जोड़े रखने की अपील भी की। वक्ता के रूप में विशेषज्ञों के क्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून के सचिव न्यायधीश हर्ष यादव ने महिलाओं से सम्बंधित कानूनी अधिकारों की जानकारी दी, विनय गुप्ता ने महिलाओं को वित्तीय साक्षरता पर जानकरीं प्रदान करते हुए उन्हें छोटे बजट इकट्ठे करना, बचत के साथ रोजगार शुरू करना व बैंक के सहयोग से स्वयं को सशक्त बनाने सम्बंधित जानकरीं उपलब्ध कराई तथा शासकीय अधिवक्ता सुश्री जाया ठाकुर ने महिलाओं को निर्भय होकर जीने, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण किस प्रकार हो इस संबंध में जानकारी प्रदान की साथ ही वही कार्यक्रम में पहुंची महिला सशक्तिकरण में बाल विकास विभाग की अधिकारियों ने विभाग की योजनाओं की जानकारी महिलाओं को दी।

कार्यक्रम का संचालन महिला आयोग की सदस्य सचिव कामिनी गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर लॉ कॉलेज की छात्राओं व आंगनबाड़ी की बहनों द्वारा महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित कविताएं भी सुनाई गयी।

## सीमेंट से भरा पिकअप वाहन सुखरो नदी में गिरा

**कोटद्वार** : कोटद्वार से सत्तीचौड़ जा रहा एक पिकअप वाहन सुखरो नदी में गिर गया। स्थानीय लोगों ने वाहन चालक को नदी से बाहर निकाला। दुर्घटना में चालक बाल-बाल बचा, उस पर मामूली खरोंच आई है। कोतवाल मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार सुबह एक पिकअप वाहन कोटद्वार से सीमेंट लेकर सत्तीचौड़ जा रहा था। सुखरो नदी में उफान आने के कारण सड़क के नीचे के हिस्सा कट गया था। सुखरो पुल से नीचे उतरते हुए जैसे ही सीमेंट से भरा वाहन सत्तीचौड़ संपर्क मार्ग पर गया, मार्ग का नदी की ओर से हिस्सा ढह गया। जिससे वाहन भी नदी में गिर गया। वाहन के गिरने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से वाहन चालक सिमलचौड़ निवासी विकास को नदी से बाहर निकाला। पुलिस प्रशासन ने लोगों से बरसात के सीजन में कच्चे रास्तों पर संभलकर चलने की हिदायत दी है।

# ध्रुवपुर-लालपुर से मोटाढांग को जोड़ने वाले पुल का हुआ लोकार्पण

## 4 करोड़ 82 लाख की लागत से बनाया गया है सुखरो नदी पर पुल

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : ध्रुवपुर-लालपुर से मोटाढांग को जोड़ने वाले पुल का बुधवार को लोकार्पण हो गया है। क्षेत्रीय जनता पिछले लंबे समय से पुल का इंतजार कर रही थी।

4 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से 90 मीटर लंबे आरसीसी सेतु का निर्माण करवाया गया है। बुधवार सुबह विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने सुखरो नदी पर बने इस पुल का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के बेहतर विकास को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही हैं।

पुल का लोकार्पण होने से लोगों की बहुत पुरानी मांग पूरी हो गई है। यह पुल कोटद्वार और भाबर को जोड़ेगा साथ ही इससे पुल से निर्माण से कण्वाश्रम के विकास की संभावनाएं बढ़ेगी।



कोटद्वार में पुल का लोकापर्ण करती विस अध्यक्ष ।

कहा कि केंद्र और राज्य सरकार बहुत तेजी से विकास कार्य कर रही है। जनता ने जिन उम्मीदों को लेकर देश व प्रदेश की सरकार बनाई है।

सरकार उनकी उम्मीदों पर खरा उतर रही है। पुल बनने से क्षेत्रीय लोगो को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश में विकास का कार्य निरन्तर जारी है।

सरकार कोटद्वार वासियों को अच्छी सड़क, स्वास्थ्य शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, मंडल अध्यक्ष हरि सिंह पुंडीर, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र आर्य, संग्राम सिंह भंडारी, गजेंद्र मोहन, दर्शन सिंह भंडारी, अंजू जखमोला, पिंकी खंतवाल, निरुबाला खंतवाल, सोनिया असवाल, सुधीर खंतवाल, रितु चमोली, मीनू डोबरियाल आदि मौजूद रहे।

## चौपाल में ग्रामीणों ने उठाई समस्याएं

**पौड़ी** : सरकार जनता के कार्यक्रम के तहत कल्जीखाल ब्लाक के राजस्व ग्राम ठंगरधार ग्राम पंचायत थनुल में चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि गांव में सड़क नहीं होने से लगातार पलायन हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि वे पिछले लंबे समय से सड़क की राह ताक रहे है, लेकिन सड़क नहीं बनने से गांव से लगातार पलायन हो रहा है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी, ग्राम प्रधान कैप्टेन नरेंद्र सिंह नेगी बताया कि चौपाल में जल संस्थान, जल निगम व विद्युत विभाग के अधिकारी नहीं आए। जिस पर ग्रामीणों ने कड़ी नाराजगी जताई। कहा कि इन विभागों के अफसर नहीं आने से इन विभागों की समस्याएं हल नही हो पाई। इस दौरान गांव झूलते तारों को हटाने, पेयजल आदि समस्याएं उठी। नोडल अधिकारी जिला युवा कल्याण अधिकारी नरेश रावत ने बताया कि समस्याएं संबंधित विभाग को भेजी जाएगी। जल्द ही ग्रामीणों की समस्याओं का सामना किया जाएगा।

## तीरंदाजी में खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर, जीते 39 पदक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : युवा भारत खेल परिषद की ओर से आयोजित राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में कोटद्वार स्टेडियम के खिलाड़ियों ने अपने हुनर का जलवा बिखेरा। प्रतियोगिता में कोटद्वार के खिलाड़ियों ने 13 स्वर्ण, 11 रजत और 15 कांस्य समेत कुल 39 पदक जीते।

स्टेडियम के प्रभारी संदीप डुकलान ने बताया कि सोशियल बलूनी पब्लिक स्कूल देहरादून में 24 जून से तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्पर्धा आयोजित हुई। खेलो इंडिया के कोच हेमंत राठी के मार्गदर्शन में कोटद्वार स्टेडियम के 20 बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। तीरंदाजी प्रतियोगिता अंडर-9 बालक वर्ग इंडियन राउंड में ध्रुव डुकलान ने एक गोल्ड व ने एक कांस्य पदक जीता। अंडर-14 बालिका वर्ग इंडियन राउंड में श्रुति ने एक रजत, चारू भट्ट ने दो कांस्य पदक जीते। अंडर-18 बालिका वर्ग इंडियन राउंड में अनन्या बिष्ट, श्रुति, चारू भट्ट ने एक-एक कांस्य पदक जीते। अंडर-18 बालक वर्ग इंडियन राउंड में शौर्य भट्ट ने एक कांस्य पदक जीता। अंडर-14 रिकर्व राउंड में निकुंज पुनिया ने दो स्वर्ण और उत्कर्ष क्षेत्री ने दो कांस्य पदक जीते। अंडर-16 बालक वर्ग रिकर्व राउंड में नैतिक चौहान ने दो रजत, बालिका वर्ग में मानसी डुकलान ने एक स्वर्ण पदक जीता। अंडर-18 बालक वर्ग रिकर्व रांउड में नैतिक चौहान ने दो रजत, निकुंज पुनिया ने एक कांस्य, बालिका वर्ग में मानसी डुकलान ने दो स्वर्ण, शिवानी नेगी ने दो रजत पदक जीते। अंडर-16 बालक वर्ग कंपाउड राउंड में नवनीत सिंह ने दो कांस्य, बालिका वर्ग में वैष्णवी पांथरी ने दो स्वर्ण, अनुराधा भारद्वाज ने दो रजत और कीर्तिका ने दो कांस्य पदक जीते। अंडर-18 बालिका वर्ग कंपाउड राउंड में वैष्णवी पांथरी ने दो गोल्ड, अनुराधा भारद्वाज ने दो रजत, बालक वर्ग में दिग्विजय सिंह ने दो स्वर्ण, नवनीत सिंह ने एक कांस्य पदक जीता। सीनियर बालिका वर्ग कंपाउड राउंड में कीर्तिका ने स्वर्ण पदक जीता।

## सड़क का सर्वे मंदिर के नीचे से करने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : श्री ताड़केश्वर धाम के नजदीक स्थित जय भोगू अग्री कौली गंगा मंदिर समिति के पदाधिकारियों व स्थानीय ग्रामीणों ने ग्राम सभा पास्ता से ताड़केश्वर धाम तक के लिए बनने वाली सड़क का सर्वे मंदिर के नीचे से करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मंदिर के ऊपर से सड़क बनने से मंदिर व जल स्रोत को खतरा पैदा हो सकता है।

इस संबध में समिति व ग्रामीणों की ओर से लोनिवि लैंसडाउन के अधिशासी अभियंता को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि पास्ता से ताड़केश्वर धाम तक बनने वाली सड़क का सर्वे गंगा मंदिर के ऊपर से किया गया है। मंदिर के ऊपर बांज के पेड़ों का घना जंगल है जो मंदिर के समीप बहने वाले जल स्रोत को बचाए हुए है। ऐसे में सड़क की कटिंग से जल धारा भी सूख सकती है और मंदिर को भी खतरा पैदा हो सकता है। इससे क्षेत्रीय ग्रामीणों में आक्रोश पनपने की संभावना भी है। इसलिए सड़क का सर्वे मंदिर के नीचे से किया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में समिति अध्यक्ष डा. सुरेंद्र प्रसाद, सचिव भरत सिंह सहित धर्म सिंह, महावीर सिंह, राकेश चंद्र, रमेश चंद्र, सतीश चंद्र, दिनेश चंद्र, कुलदीप सिंह, गणेश सिंह, अंजू देवी और मनोरमा देवी सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

## छः विद्यार्थियों का नवोदय में हुआ चयन

**कोटद्वार** : दुगड्डा ब्लक के पर्वतीय क्षेत्र के दूरस्थ विद्यालयों के छः छात्र-छात्राओं का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा-6 में प्रवेश के लिए हुआ है।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय सकन्याणी की निधि, मंज्याड़ी की अंकिता, गौला मल्ला की कामिनी, बल्ली के छात्र रोहित, राप्रावि भैड़गांव का मोहम्मद अयान, पौखाल के प्रतीक कुमार शामिल हैं। उप शिक्षा अधिकारी दुगड्डा अमित कुमार चंद ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में भी प्रतिभावान छात्र-छात्राएं हैं। सभी विद्यालयों के बच्चों को प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्र भरने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# लोगों को स्वरोजगार से जोड़ रहा जिला सहकारी बैंक

## देवी रोड में शिफ्ट किया गया जिला सहकारी बैंक का कार्यालय

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि जिला सहकारी बैंक सरकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों को स्वरोजगार से जोड़ रहा है। अधिक से अधिक लोगों तक योजनाएं पहुंचे इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

कोटद्वार के देवी रोड स्थित जिला सहकारी बैंक लि0 गढ़वाल की शाखा का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने किया। उन्होंने बैंक कर्मियों को शाखा की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र के विकास में योगदान देने को कहा। कहा कि सहकारी बैंकों का महत्व विशेष है, वे सामाजिक



रीबन काटकर बैंक कार्यालय का शुभारंभ करती विस अध्यक्ष

विकास और सामरिक प्रगति की ओर एक महत्वपूर्ण कदम हैं। सहकारी विभाग और सहकारी बैंकों के माध्यम से हम ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक संघटना को बढ़ावा देने, वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करने और छोटे उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उनकी आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में सक्षम हो रहे हैं। कहा कि सरकार का एक महत्वपूर्ण ध्येय है सबका साथ, सबका विकास। उनका उद्देश्य सभी वर्गों के लोगों को संपूर्ण वित्तीय समावेशन और वित्तीय समृद्धि का लाभ देना। इसके लिए सहकारी संस्थाओं को मजबूत करने, उनके संगठनात्मक और प्रशासनिक क्षमता को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहे है।

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नरेंद्र रावत ने बैंक की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ओर अधिक कार्य करने और सुपात्र लोगो को ही वित्तीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने की बात कही। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नरेंद्र रावत, पार्षद नीरू बाला खंतवाल, मंडल अध्यक्ष हरी सिंह पुंडीर, जितेंद्र नेगी, सूर्य प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

## देवी की कथा सुनने से होता है कष्टों का संहार

**श्रीनगर गढ़वाल** : सिद्धपीठ मां भुवनेश्वरी मंदिर प्रागण बागवान भल्लेगावं में आयोजित संगीतमय देवी भागवत महापुराण कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। बुधवार को कथा श्रवण करने पहुंचे श्रद्धालुओं को कथा व्यास प. कविराज यशोदानंद महाराज ने देवी के महात्म्य एवं शक्ति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि देवी शक्ति स्वरूपा है। नौ दिनों तक सच्चे मन से देवी की भक्ति करने से फल प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि देवी की कथा सुनने मात्र से ही कष्टों का संहार हो जाता है। मौके पर ग्राम प्रधान नरेश कोठियाल, मुकेश चंद्र लखेड़ा, जयंती प्रसाद डंगवाल, आशुतोष रतूड़ी, हिरेंद्र पांडेय, उमाकांत चमोली, रामेश्वर जोशी, कामेश्वर जोशी, सौरव रतूड़ी आदि मौजूद रहे।

# भोजन माताओं ने डीईओ कार्यालय में किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : सीटू से संबद्ध उत्तराखंड भोजनमाता कामगार यूनियन के बैनर तले भोजन माताओं ने जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर महिलाओं ने कहा कि वह पिछले काफी समय से राज्य कर्मचारी घोषित करने सहित नौ सूत्रीय मांगें हल करने की मांग कर रहे है, लेकिन सरकार उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है। जिससे महिलाओं में रोष व्याप्त है। इस दौरान डीईओ बेसिक के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भी भेजा गया।

बुधवार को डीईओ बेसिक कार्यालय में धरना देते हुए भोजन माताओं ने उन्हें राज्य कर्मचारी घोषित करने, स्कूल में छात्र संख्या कम होने पर भोजन माताओं को दूसरे स्कूलों में संबद्ध करने, न्यूनतम वेतनमान देने, सेवानिवृत्ति पर दो लाख रुपये देने सहित 9 सूत्रीय मांगे हल करने की मांग की। इस मौके पर भोजन माताओं ने कहा कि वे पिछले लंबे समय से समस्याएं हल करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे उनको भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि जल्द ही समस्याओं का हल नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष एश्वर्या जुयाल, सीटू के जिलामहामंत्री देवानंद नौटियाल, बीना देवी, अनिता देवी, लक्ष्मी देवी, सुरेशी, गणेशी, उम्रा, शोभा आदि शामिल थे।

## भट्टीगांव में मंदिर का हुआ भूमि पूजन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : कल्जीखाल ब्लाक के भट्टीगांव में कालनाथ भैरव मंदिर के स्थापना एवं भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रमुख संगठन के अध्यक्ष एवं द्वारीखाल के प्रमुख महेंद्र राणा ने ग्रामीणों के प्रयासों की सराहना की।

बलोदी बंधुओं व ग्रामीणों के सहयोग से गांव में कालनाथ भैरव मंदिर का निर्माण कार्य किया जाना है। महेंद्र राणा ने कहा कि हमें अपने ईष्ट देवी देवताओं का पूजन करना चाहिए। बलोदी बन्धुओं द्वारा मन्दिर निर्माण की पहल एक हमारी आस्था का प्रतीक है। हमें अपनी संस्कृति को बचाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। इस मौके पर अर्जुन पटवाल, विवेक नेगी, मायाराम, ललित असवाल, रमेश चंद्र शाह, नवीन कुमार, सुनील सिंह नेगी, देवेंद्र प्रसाद बलोदी, भुवनेश्वर बलोदी, मुकेश चंद्र, कमलेश बलोदी, अतुल बलोदी आदि शामिल रहे।

## तीन साल से शोपीस बनें बिजली के पोल

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर में एनएच के किनारे लगे बिजली के खंबों में बिजली की व्यवस्था सुचारु न होने पर स्थानीय लोगों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। इस संदर्भ में उप जिलाधिकारी श्रीनगर को पूर्व सभासद व सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुमार फौजी ने ज्ञापन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि एनएच निर्माण के दौरान 2020 में राजमार्ग के दोनों ओर पथ प्रकाश लगाए गए थे जो कि आज तक संचालित नहीं हो पाए हैं। जबकि दूसरे क्षेत्रों में इनका संचालन विधिवत हो रहा है। उन्होंने कहा कि करीब तीन सालों से यह खंबे मात्र शो पीस बने हुए हैं। उन्होंने श्रीनगर शहर की इस समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है। (एजेन्सी)

## सड़क के लिए तरस रहे लीई धारी पोखरी के लोग

**पौड़ी** : प्रदेश सरकार हर गांव को सड़क से जोड़ने की बात कर रही है, लेकिन कोट ब्लाक के लीई धारी पोखरी गांव अभी तक सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से भी नहीं जुड़ पाया है। गांव के लोग सड़क के लिए तरस रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले लंबे समय से गांव को सड़क से जोड़ने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के पूर्व प्रधान विजय सिंह ने बताया कि गांव में सड़क नहीं होने से ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों को आज भी गांव में किसी के बीमार पड़ जाने पर कई किलोमीटर कंधे पर ढोकर सड़क मार्ग पर लाना पड़ता है। बताया कि ग्रामीणों ने शासन से लेकर प्रशासन और मंत्री तक गुहार लगाई, लेकिन अभी तक ग्रामीणों के हाथ केवल मायूसी ही लगी है। बताया कि राज्य बनने के बाद से ही ग्रामीण क्षेत्रों को स्थानीय लोग सड़क मार्ग से जोड़ने की मांग कर रहे हैं। बताया कि इस संबंध में पत्राचार करते हुए और जनप्रतिनिधियों से मिलते हुए अब तक कई विधायक बदल चुके हैं लेकिन गांव की स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने जिला प्रशासन और शासन से गांव को सड़क मार्ग का लाभ दिए जाने की मांग की है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : भाजपा के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत ब्लॉक प्रमुख बीना राणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डांग, गिंदराशू, बड्यूं, थापली, कूटकुडई, टंगरोली, कल्जीखाल, बेडगांव, पुल्याशू, क्वीठ, गुठिन्डा, डूंगरा, मुंडनेश्वर, सकनोली, झटकन्डी, डांगी, साकिनखेत बाजार, बेदुलगांव, महड़ गांव, धौड़ा ग्राम सभाओ में घर-घर जनसंपर्क किया गया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के 9 साल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संबंधित विषयों पर ग्रामीण जनमानस को जानकारी दी। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लोगों के बीच केंद्र सरकार के पूरे 9 साल होने पर उनके बीच पर्चा वितरण कर उन्हें बताया कि पार्टी ने इन 9 साल के सफर में देश को कैसे




मजबूती प्रदान करने के साथ आगे बढ़ाया है। उन्होंने लोगों ने यह भी बताने का काम किया देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के लिये कई जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारकर लोगों तक पहुंचाया है। महाजनसंपर्क अभियान में मंडल अध्यक्ष अनिल नेगी, मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र बिष्ट, राजेंद्र प्रसाद, नरेंद्र पटवाल, नीरजा खुगशाल, गोदांबरी देवी, संजय पटवाल, रविंद्र बिष्ट, यशोदा देवी, संगीता डुकलाण, राकेश नैथानी, देवेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

# सतर्कता अधिष्ठान को तेजी से सक्रिय करें : मुख्यमंत्री

### हर माह के अंतिम गुरूवार को मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करेंगे
### जिलाधिकारी सीएम हेल्पलाइन की माह में दो बार समीक्षा करें

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : सीएम हेल्पलाइन-1905 की सभी जिलाधिकारी माह में दो बार समीक्षा करें। सचिव एवं विभागीय एचओडी भी इसकी नियमित समीक्षा करें। सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक कार्य दिवस पर कुछ शिकायतकर्ताओं से जिलाधिकारी बात करें। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन-1905 की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री हर माह के अन्तिम गुरुवार को सीएम हेल्पलाइन 1905 की समीक्षा करेंगे। सतर्कता अधिष्ठान को तेजी से सक्रिय करने के मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सतर्कता अधिष्ठान को तेजी से सक्रिय किया जाए। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के लिए 1064 नम्बर के प्रति लोगों को और जागरूक किया जाए। शिकायतें मिलने पर जनपदों में जिलाधिकारी एवं एसएसपी द्वारा कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया जाए। विजिलेंस को भी सख्ती से कार्य करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन विभागों द्वारा सीएम हेल्पलाइन



पर प्राप्त शिकायतों के निदान का प्रतिशत कम है, वे सभी विभाग इसमें जल्द सुधार कर लें। जन शिकायतों का समयबद्धता के साथ निदान हो, सभी विभाग इसको पूरी गंभीरता से लें। कार्य के प्रति लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए जो विभाग अच्छा कार्य कर रहे हैं, उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाए। कहा कि जनपद स्तर एवं विभाग के स्तर पर लोग जो अपनी समस्याएं लेकर आ रहे हैं, यह सुनिश्चित किया जाए कि उनका शीघ्रता से समाधान हो। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित करें कि सीएम हेल्पलाईन पर शिकायतों का आंकलन अच्छी तरह से हो, शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि आगामी बैठक में सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों पर प्रत्येक जनपद में कितने प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण हुआ है, इसका भी पूरा डाटा प्रस्तुत किया जाए। विभिन्न विभागों में किसी क्षेत्र में अधिक शिकायतें आ रही हैं, तो इनका भी अलग से डाटा रखा जाए, ताकि इनके समाधान के लिए आगे नीति निर्धारण किया जा सके। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, डीजीपी अशोक कुमार, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, अरविन्द सिंह ह्यांकी, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, दिलीप जावलकर, सचिन कुर्वे, विनोद रतूड़ी, बी.वी.आर.सी पुरूषोत्तम, डॉ. आर. राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

### सीएम ने की शिकायकर्ता से फोन पर बात

सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने वाले 07 शिकायतकर्ताओं से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फोन से बात कर वस्तुस्थिति जानी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाईन पर विभिन्न समस्याओं को लेकर शिकायत दर्ज करने वाले 07 शिकायतकर्ताओं से बात भी की। अल्मोड़ा के गिरीश चन्द्र तिवारी ने शिकायत दर्ज की थी कि उनके विद्युत कनेक्शन पर किसी और का बिल दिखाई दे रहा है। इसकी जानकारी विभागीय कार्यालय को देने के बाद जल्द समाधान नहीं हुआ। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने के बाद मात्र चार दिन बाद समाधान हो गया था। पौड़ी के महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि उन्होंने जाति प्रमाण पत्र के लिए दो बार अप्लाई किया था, दोनों बार फार्म रिजेक्ट किया गया। सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत करने के बाद समस्या का समाधान जल्द हो गया था।

# नेपाल ने मेजबान दिनेशपुर को एक गोल से पराजित किया



रुद्रपुर : पवित्र यंग क्लब और नगर खेल समिति की ओर से आयोजित गुरुपद मेमोरियल अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा क्वार्टर फाइनल नेपाल दोधारा महेन्द्रनगर और दिनेशपुर यूरो स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया। रोचक मुकाबले में नेपाल ने मेजबान दिनेशपुर को एक गोल से पराजित किया। मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले नेपाल के गोलकीपर आकाश मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम में फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया। नेपाल की टीम ने शुरू से ही शानदार प्रदर्शन कर किया और कई हमले मेजबान दिनेशपुर के बारपोस्ट पर किए। दिनेशपुर ने भी शानदार खेल दिखाते हुए कई जबाबी हमले किए। मध्यांतर से पहले नेपाल की टीम की ओर से महेश राणा ने एक गोल कर 1-0 की बढ़त ले ली। मध्यांतर के बाद नेपाल तथा दिनेशपुर दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। दिनेशपुर की टीम ने वापसी का प्रयास किया, लेकिन नेपाल के खिलाड़ियों के आगे नाकाम रहे। अंतिम क्षणों तक नेपाल के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल का प्रदर्शन करते हुए 1-0 की बढ़त बनाई रखी और मैच अपने नाम कर लिया।

## महाशीर के शिकार पर रोक लगाने की मांग

चम्पावत : नेपाल सीमा से लगे पंचेश्वर में महाकाली और सरयू नदी में दुर्लभ प्रजाति की गोल्डन महाशीर मछलियों के शिकार करने पर रोक लगाने की मांग की है। पंचेश्वर महादेव मंदिर के महंत स्वामी रामचरण और क्षेत्र के लोगों ने कहा कि पंचेश्वर तीर्थ स्थल में लोग महाकाली नदी में गोल्डन महाशीर मछलियों का शिकार कर रहे हैं।

महंत ने लोगों पर मछली का शिकार कर उनको महंगे दामों में बेचने का आरोप लगाया है। कहा कि तीर्थ स्थल को पिकनिक स्पॉट बना दिया गया है। आरोप लगाया कि उन्होंने इसकी शिकायत कई बार प्रशासन और एसएसबी के अधिकारियों से की। लेकिन किसी ने इस पर संज्ञान नहीं लिया। कहा कि गोल्डन महाशीर एक दुर्लभ प्रजाति की मछली हैं जो उच्च हिमालय क्षेत्र की नदियों में पाई जाती हैं।



# असहाय महिला की आर्थिक मदद की

चम्पावत : टनकपुर में गोविंद बल्लभ पंत वेलफेयर फाउंडेशन ने असहाय महिला की आर्थिक मदद की। फाउंडेशन ने महिला को 2100 रुपए की सहायता धनराशि दी। जीबी पंत वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष नवीन चंद्र पंत ने बताया कि बीते कुछ दिनों पहले नायकगोठ निवासी खीमा देवी के पुत्री की बेंगलुरु में निर्मम हत्या कर दी गई थी। बताया कि असहाय गरीब महिला आर्थिक तंगी के चलते बेंगलुरु जाने में असमर्थ थी। इसी वजह से फाउंडेशन ने महिला की मदद की। इस मौके पर संरक्षक भुवन चंद्र पांडेय, उपाध्यक्ष वसंत पुनेठा, सूरज भारद्वाज, हंसा जोशी, कल्पना चंद, बबीता गोस्वामी, संजय गर्ग, नवीन भट्ट, प्रीतम सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# शराब पीकर टैक्सी चलाने पर वाहन चालक गिरफ्तार, वाहन सीज



अल्मोड़ा। जनपद में पुलिस की यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही जारी है। मंगलवार 27 जून को लमगड़ा पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही हेतु एल्कोहल ब्रेथ एनालाइजर से चेकिंग की गई, इस दौरान वाहन संख्या–यूके04टीए 5274 मैक्स टैक्सी के चालक आनन्द आर्य निवासी लमगड़ा, अल्मोड़ा को शराब के नशे में वाहन चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर वाहन मैक्स को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त 05 वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगे होने पर चालानी कार्यवाही की गई और प्रेशर हार्न निकलवाए गए। एसएसपी अल्मोड़ा के निर्देश पर जनपद पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से चेकिंग की जा रही है।

## बकरीद को लेकर पुलिस अलर्ट, तीसरी आंख से करेगी निगरानी

रुद्रपुर : कुर्बानी का त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) आज यानी गुरुवार को मनाया जाएगा। पुलिस ने पर्व को लेकर सुरक्षा के पूरे बंदोबस्त कर दिए हैं। पुलिस किसी भी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहती है।

पुलिस प्रशासन ने मोहल्ला जोशियान एवं चौहनान में बैरिकेडिंग और कैमरे लगा दिए हैं। साथ ही अतिरिक्त फोर्स भी बुला लिया है। वहीं, पालिका ने शुकर पालकों को नोटिस देकर तीन दिन तक शुकरों को बंद करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को जल संस्थान के जेई केके टम्टा ने बिजली होने पर पूरे दिन पानी और एसडीओ मदनलाल ने पूरे दिन बिजली देने की बात कही। इधर, पुलिस ने मोहल्ला जोशियान एवं चौहनान में बकरीद पर विवाद को रोकने के लिए बैरिकेडिंग कर दी है।

# भाजपा ने निकाय और लोस चुनाव के लिए समर्थन मांगा



चम्पावत : टनकपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोर–टू–डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए जनता से समर्थन मांगा।

मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को चम्पावत के संयोजक दीपक मेहरा के नेतृत्व में भाजपा ने जनसंपर्क अभियान चलाया गया। संयोजक मेहरा ने मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। साथ ही आने वाले नगर निकाय और लोस चुनाव में जनता से समर्थन मांगा। इस मौके पर चम्पावत प्रभारी राम दत्त जोशी, जिला महामंत्री पूरन सिंह मेहरा, निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष दीप चंद्र पाठक, मंडल अध्यक्ष तुलसी कुंवर, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रवि कुमार प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, जिला मंत्री मान बहादुर पाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता रोहिताश अग्रवाल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनीता यादव, जतिन देव, कीर्ति बल्लभ जोशी, नरेंद्र धामी, मुकेश जोशी, सुकुमार, गिरीश खर्कवाल आदि रहे। (एजेंसी)

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया स्वावलंबन कनेक्ट केंद्र का उद्घाटन



चम्पावत : गौड़ी किमतोली सड़क में डिप्टेश्वर मंदिर के पास स्वावलंबन कनेक्ट केंद्र (एससी) का भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महारा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। स्वाबलंबन केंद्र उद्यमियों को अपना व्यवसाय शुरू करने, उन्हें निवेश से जोड़ने और रोजगार विकसित करने में मदद करेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के स्वावलंबन कनेक्ट केंद्र संभावित उद्यमियों की अंगुली थामने का काम करेंगे। इसमें प्राथमिकता देते हुए 100 महिलाओं का चयन किया जाएगा। उन्हें 176 प्रोजेक्ट बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) व्यापार को बढ़ावा देने के लिए देश के पांच राज्यों में 100 स्वावलंबन कनेक्ट केंद्र (एससीके) स्थापित कर रहा है। इस मौके पर कुमाऊं केंद्र प्रभारी हिम्मत रौतेला, चम्पावत केंद्र प्रभारी सपना भंडारी, भाजपा जिला महामंत्री मुकेश कलखुड़िया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गौरव पांडे, हर्षित राय, विकास गिरी मौजूद रहे। (एजेंसी)

## डीएसए मैदान से रॉक क्लाइंबिंग हटाई जाए

नैनीताल : बुधवार को जनाधिकार संघर्ष मोर्चा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा ने डीएसए मैदान पर स्थापित आर्टिफिशियल रॉक क्लाइंबिंग वॉल को हटाए जाने की मांग उठाई है।

मोर्चे के प्रदीप कुमार दुम्का, आंदोलनकारी शाकिर अली आदि ने कहा कि नैनीताल नगर के एक मात्र खेल के मैदान डीएसए है। जहां खेलों के साथ नगर के सामाजिक कार्यक्रम भी होते हैं। पर यहां कुछ दिन पूर्व अलग ढांचा बना दिया गया है। जिसे हटाया जाना चाहिए। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता प्रताप सिंह पडियार, महेश आर्या, विजय साह आदि शामिल थे।

# भर्ती अनियमित्ता पर सरकार और यूजीसी 10 दिन में जबाव पेश करें

नैनीताल : हाईकोर्ट ने हल्दूचौड़ स्थित लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज में हुई भर्ती अनियमितताओं के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार, यूजीसी से दस दिन के भीतर जवाब पेश करने को कहा है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि महाविद्यालय में ऐसे कितने प्रवक्ता हैं जो यूजीसी द्वारा निर्धारित नेट की योग्यता नहीं रखते हैं। मामले की अगली सुनवाई के लिए दो सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी पीयूष जोशी व अन्य ने जनहित याचिका दायर की है। जिसमें कहा कि हल्दूचौड़ के लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज में पूर्व मंत्री के अयोग्य रिश्तेदारों और संबंधियों को नियुक्ति दी गई है। यह नियुक्तियां यूजीसी के द्वारा निर्धारित मानक व योग्यता पूरी नहीं रखती हैं। जिसकी वजह से कॉलेज में शिक्षा के स्तर में गिरावट आ रही है। इसलिए इन्हें निरस्त किया जाए। जनहित याचिका में कहा गया है कि ऐसे छह लोगों की नियुक्ति की गई है जिनके पास योग्यता नहीं है। जबकि जांच के बाद पता चलेगा कि कई और भी हो सकते हैं। याचिकाकर्ताओं ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की। पर वहां से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। याचिकाकर्ताओं ने न्यायालय से इन अयोग्य और अपात्र कर्मचारियों को तत्काल हटाकर योग्य और पात्र लोगों को नियुक्ति करने की मंग उठाई है। सभी नियुक्तियां वर्ष 2016-17 में हुईं थी। (एजेंसी)

## हत्यारोपी की जमानत अर्जी खारिज

नैनीताल : जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजाता सिंह ने हत्या के आरोपी यामीन निवासी पुलभट्टा ऊधमसिंह नगर का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील शर्मा ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि यामीन पर लालकुआं निवासी अपनी महिला मित्र अंजलि की हत्या का आरोप है।

# सीओ रानीखेत की अध्यक्षता में कोतवाली रानीखेत में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक



अल्मोड़ा। कोतवाली रानीखेत में सीओ रानीखेत तिलक राम वर्मा की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक रानीखेत हेम चन्द्र पंत, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुनील सिंह बिष्ट व थाना स्टाफ की उपस्थिति में आगामी ईद–उल–जुहा (बकरीद) पर्व के दृष्टिगत पीस कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों, व्यापार मण्डल, कैंट के पदाधिकारी व क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों से आगामी ईद पर्व को आपसी भाईचारा/सौहार्दपूर्ण माहौल में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखते हुए मनाने की अपील की गई, जिसमें सभी के द्वारा सहमति व्यक्त की गई। गोष्ठी के उपरांत उपस्थित जनों को ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 के उद्देश्य को बताकर स्वयं व अपने बच्चों को नशे से दूर रखने व नशामुक्त समाज के निर्माण में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई, साथ ही साईबर क्राईम व किरायेदार सत्यापन के प्रति भी जागरुक किया गया।

## सड़क व पानी को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

पिथौरागढ़ : देवलथल खोला की महिलाओं ने सड़क और पानी को लेकर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने कहा कि गांव में कहने को सड़क और पेयजल लाइन दोनों हैं, लेकिन दोनों ही बदहाली से जूझ रहे हैं। सड़क होने के बावजूद गांव तक एंबुलेंस और रसोई गैस का वाहन तक नहीं पहुंच पा रहा। वहीं पेयजल योजना होने के बावजूद भी लोग पानी के लिए जूझ रहे हैं। बुधवार को खोला में शांति देवी के नेतृत्व में महिलाएं एकत्र हुई। इधर पूर्व जिपं सदस्य जगदीश कुमार ने कहा कि भाजपा नेता अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति का विकास और सब का साथ सबका विकास का दावा करते हैं,

# स्टेट फ्रंटलाइन हेल्थ वर्कर्स यूनियन ने समायोजित न करने पर जताया आक्रोश



पिथौरागढ़ : स्टेट फ्रंटलाइन हेल्थ वर्कर्स यूनियन ने रिक्त पदों पर समायोजित न करने पर आक्रोश जताया है। यूनियन का कहना है कि समयोजन को लेकर लंबे समय से आवाज उठा रहे हैं, लेकिन सिवाय शासन-प्रशासन के झूठे आश्वासन के अलावा उन्हें अब तक कुछ नहीं मिला। बुधवार को नगर के टकाना स्थित कलक्ट्रेट में यूनियन के सदस्य एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि कोविड के दौरान उनकी नियुक्ति हुई। उन्होंने संक्रमण के खतरे के बावजूद अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया, लेकिन जैसे ही कोरोना कम होने लगा तो सरकारी तंत्र ने उन्हें नौकरी से हटा दिया। इससे उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। कहा कि पूर्व में भी उन्होंने आंदोलन किया तो सरकार ने उन्हें विभाग में रिक्त पदों के अनुसार समायोजित करने की बात कहीं थी, लेकिन समयोजन को लेकर कोई पहल नहीं हो रही है। इससे कर्मचारी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर आगामी 5 जुलाई तक समायोजन को लेकर शासन–प्रशासन ने कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो वे धरने में बैठ जाएंगे।

# कब सुधरेगी सेराघाट मार्ग की हालत



अल्मोड़ा। जिला मुख्यालय से पिथौरागढ़, बागेश्वर जनपद को जोड़ने वाली बाड़ेछीना सेराघाट 48 किलोमीटर मोटर मार्ग विभाग की अनदेखी के कारण खस्ताहाल बनता जा रहा है। पर्यटन सीजन के बीच मोटर मार्गों की खस्ता हालत सैलानियों तथा आमजन के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। पर्यटक भी इस मार्ग से आने जाने में गुरेज करने लगे हैं। बरसात आने की तैयारी है मगर अभी तक पिछली बरसात से सड़कों पर आया मलवा नहीं हटाया गया है और ना ही नालियां खोली गई हैं। मालूम हो कि यह मोटर मार्ग अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। यहाँ प्रतिदिन गंगोलीहाट, पाताल भुवनेश्वर, विमलकोट, बेरीनाग, चौकड़ी, थल, डीडीहाट, मुनस्यारी, बागेश्वर, धारचूला, कैलाश मानसरोवर, आदि कैलाश यात्रा आदि स्थानों के लिए सैकड़ों छोटे–बड़े वाहन गुजरते हैं। दुर्घटनाओं की दृष्टि से संवेदनशील इस सड़क पर विभाग और सरकार की नजर नहीं पड़ रही है। आदि कैलाश व कैलाश मानसरोवर यात्रा का महत्वपूर्ण मार्ग होने के बावजूद सड़क की सुरक्षा की अनदेखी के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं।

## वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

अल्मोड़ा। जिला मजिस्ट्रेट विनीत तोमर ने बताया कि दिनांक 20 जून 2023 को प्रातः लगभग 10:45 बजे तहसील अल्मोड़ा के स्थान फलसीमा (डंपिंग जोन) के पास वाहन संख्या यूके01सी 4290 (एस प्रैसो) दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिसमें एक व्यक्ति जिसका नाम सुनील आर्या उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र प्रेम लाल निवासी उडियारी बैण्ड हवालबाग जिला अल्मोडा सवार था। उन्होंने बताया कि उक्त घायल व्यक्ति को अचेत अवस्था में एम्बुलेंस के माध्यम से बेस चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।उन्होंने उक्त वाहन दुर्घटना के कारणों की मजिस्ट्रियल जांच हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट सदर अल्मोड़ा को जांच अधिकारी नामित किया जाता है।

# थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों को ड्रग्स, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा व किरायेदार सत्यापन के प्रति किया जागरुक



अल्मोड़ा। थानाध्यक्ष चौखुटिया अवनीश कुमार द्वारा थाना क्षेत्र के ग्रामसभा अमस्यारी में जागरुकता चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामसभा के सम्भ्रांत व्यक्ति व महिलाएं उपस्थित हुई। थानाध्यक्ष चौखुटिया द्वारा सभी को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशीले पदार्थों से स्वयं व अपने बच्चों को दूर रखने, नशे की रोकथाम हेतु ग्रामसभा व आस–पास नशे की अवैध रुप से बिक्री करने वालों की सूचना पुलिस को देने हेतु बताया गया। महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराधों घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, मानव तस्करी आदि की जानकारी देकर महिला सुरक्षा के प्रति सजग करते हुए उनके अधिकारों व कानूनी प्रावधानों से अवगत कराकर गौरा शक्ति में रजिस्ट्रेशन कराया गया।

# नए प्रस्तावों को पीपीटी के माध्यम से उपलब्ध कराएं : डीएम



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में बुधवार को जिला खनिज न्यास संस्थान की शासी परिषद की बैठक हुई। जिसमें प्रबंधन समिति द्वारा पूर्व में संस्तुत किए गए प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया और नए प्रस्तावों को पीपीटी के माध्यम से शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने विभागों को निर्देशित किया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों के लिए प्रस्तावित नए विकास कार्यों का अच्छी तरह से आंकलन करते हुए आंगणन सहित शीघ्र इसका प्रस्ताव उपलब्ध करें। उन्होंने कहा कि खनन प्रभावित क्षेत्र के लिए जो भी कार्य किए जाने हैं उनमें स्थानीय लोगों की जरूरतों का भी विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान खनन प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न विकास योजनाओं को लेकर परिचर्चा भी हुई। भू-विज्ञान उप निदेशक डॉ. दीपक हटवाल ने बताया कि विभागों से खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों हेतु आगणन सहित 58 प्रस्ताव प्राप्त हुए है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र, अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, भू-विज्ञान उप निदेशक डॉ. दीपक हटवाल, खनन अधिकारी नाजिया हसन, खनन निरीक्षक ललित जोशी सहित समिति के अन्य सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## गढ़वाल सांसद आज गोपेश्वर में

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : पूर्व मुख्यमंत्री एवं गढवाल सांसद तीरथ सिंह रावत का जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्राप्त हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद 29 जून को अपराहन 1 बजे गोपेश्वर पहुंचकर महासम्पर्क कार्यक्रम के तहत घर-घर सम्पर्क करेंगे। तत्पश्चात चमोली, पीपलकोटी तथा जोशीमठ में जनसम्पर्क करते हुए बद्रीनाथ पहुंचेंगे।

अगले दिन 30 जून को प्रातः 5 बजे बद्रीनाथ धाम में पूजा अर्चना तथा ग्राम माणा में जनसम्पर्क करेंगे। 01 जुलाई को बडागांव, ढाक, तपोवन भलागांव, सुराईथोटा में जनसम्पर्क करते हुए मलारी पहूंचेंगे। 02 जुलाई को बाडाहोती से उर्गम के लिए प्रस्थान करेंगें। 03 जुलाई को उर्गम से नन्दप्रयाग कर्णप्रयाग गौचर में जनसम्पर्क करते हुए रूद्रप्रयाग के लिए प्रस्थान करेंगे।

# पुलिस ने चोरी के एक आरोपी को किया गिरफ्तार



चमोली : कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सीओ अमित कुमार सैनी ने बताया कि 27 जून को आदित्य गोयल पुत्र दिनेश गोयल निवासी राधापुरम कलोनी सहारनपुर उप्र हाल 43ए देवलोक कलोनी बाईपास रोड देहरादून ने तहरीर दी कि दिनांक 26-27 जून की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा हमारी पोखरी कर्णप्रयाग मोटर मार्ग पर सेमीग्वाड़ के पास लगे हाट मिक्स प्लांट साइट से एमरोन बैटरी जैक, गाटर, लोहे के नट बोल्ट, क्रश बैरियर लोहे का ड्रम, पुल्ली चोरी कर दिया है, जिसकी अनुमानित कीमत दो लाख रुपये है। जिस पर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की गई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार 28 जून को नगरासू में एनएच 7 पर अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त अमन नेगी पुत्र धीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पलेठी थाना कर्णप्रयाग जनपद चमोली उम्र लगभग 21 वर्ष को गिरफ्तार कर अभियोग से सम्बन्धित उपरोक्त सामान एवं घटना में प्रयुक्त किए गए वाहन को भी बरामद किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कराया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक चमोली महोदय के द्वारा पुलिस टीम को 2500/– रूपये का नगद ईनाम देने की घोषणा की गयी है। पुलिस टीम में एसएचओ बृजमोहन राणा, वरिष्ठ पुलिस उपनिरीक्षक देवेन्द्र पंत, उपनिरीक्षक सुधा बिष्ट, हेड कांस्टेबल भगत, रामलाल, आदि शामिल थे। (एजेंसी)

## स्थाई तहसीलदार की नियुक्ति की मांग

पिथौरागढ़। यूथ कांग्रेस ने आपदाग्रस्त तहसील बंगापानी में स्थाई तहसीलदार की नियुक्ति की मांग की है। धारचूला युकां अध्यक्ष प्रकाश गिरी गोस्वामी और मदरमा प्रधान उमेश धामी ने कहा कि गोरीछाल क्षेत्र आपदा संभावित क्षेत्र है। इसमें बारिश से गांवों में आपदा का खतरा बना हुआ रहता है। बचाव और राहत कार्यों में देरी नहीं हो इसके लिए स्थाई तहसीलदार की नियुक्त होनी आवश्यक है।

# भगवान नरसिंह ने किया नौल धारा में स्नान

नई टिहरी : पुरातन परम्परानुसार भागीरथी तट स्थित भगवान नरसिंह को मुनेठ गांव से दशरथ पर्वत चोटी में बहने वाली नौली धारा में स्नान को ले जाया गया। करीब 15 किमी. की खड़ी चढ़ाई में ढोल-नंगाड़ों व निशानों के साथ नरसिंह भगवान को स्नान कराने के बाद वापस मुनेठ स्थित मन्दिर के बाहर रखा गया है। भागीरथी नदी में वेताल शिला घाट बागी गांव में स्नान के बाद भंडारा करा के नरसिंह देवता को मंदिर में प्रवेश कराया जाएगा। यह प्रथा विगत 120 वर्षों से भी अधिक समय से चली आ रही है। मान्यता है कि नरसिंह भगवान के दशरथ पर्वत पर स्नान के बाद क्षेत्र में पर्याप्त बारिश होती है। यह आज तक होता दिखता है। वर्षा होने के बाद ग्रामीणों की ओर से भंडारा करा कर नरसिंह भगवान को वापिस मंदिर में प्रवेश कराया जाता है। बताया जाता है कि कांडाधार गांव निवासी श्रद्धालु खिम्मा सिंह नेगी के सपने में नरसिंह भगवान आये थे जो इसे मुनेठ गांव में लाए थे। यह जानकारी देते उन्हीं के परिवार सदस्य महावीर सिंह नेगी ने बताया कि इस यात्रा की शुरुआत आज भी उनके परिवार की ओर से की जाती है। प्रत्येक तीसरे वर्ष नरसिंह देवता को श्रृंगार कर दशरथ पर्वत, वेताल शिला, बागी मे स्नान कराने ले जाए जाता है। फिर विधि विधान से पूजा अर्चना कर भंडारा करा कर वापस मंदिर के अंदर विराजमान किया जाता है। इस यात्रा में बलवंत सिंह की अगुवाई में ग्राम प्रधान रजनी देवी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अनिल सिंह, महादेव सिंह, वीर सिंह मनमोहन, मस्तान सिंह, गुड्डी देवी, सौणी देवी, कर्ण सिंह, डबल सिह, धर्मेंद्र, नवीन, रोशनी देवी सहित बड़ी संख्या में बालक बालिका भी दशरथ पर्वत पहुंचे। (एजेंसी)

## जिला पंचायत की बैठक कल

नई टिहरी। टिहरी जिला पंचायत की त्रैमासिक मासिक बैठक शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार बौराड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण की अध्यक्षता में संपन्न होगी। बैठक में जिला पंचायत सदस्य अपने क्षेत्रों की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराएंगे।

## बैठक 30 जून को

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड ऊखीमठ के पाब जगपुड़ा गांव में शुक्रवार को बैठक आयोजित की जाएगी। इस दौरान क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का निदान कर शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों को दी जाएगी। उप वन संरक्षक अभिमन्यु ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा 30 जून को ग्राम पाब जगपुड़ा में अपराह्न 11 बजे से बैठक का आयोजन किया जाएगा जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने के साथ ही सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

# राशिसं के जिलाध्यक्ष का स्वैच्छिक अनुरोध पर हुआ दुर्गम विद्यालय में स्थानान्तरण

रुद्रप्रयाग : एक ओर सरकारी नौकरी करने वाला अपने को सुगम के साथ ही देहरादून जाने के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगाए रहे हैं वहीं दूसरी ओर राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश कुमार भट्ट ने अभिनव पहल करते हुए सेवा करने के लिए दुर्गम विद्यालय चुना है।

इसी के चलते उनका स्थानांतरण जनपद के दुर्गम विद्यालय में हुआ है। राजकीय शिक्षक संघ जनपद इकाई रुद्रप्रयाग के जिलाध्यक्ष नरेश कुमार भट्ट द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज कंडारा रुद्रप्रयाग जनपद के अगस्त्यमुनि ब्लॉक के सुगम श्रेणी विद्यालय से राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरोड़ा दुर्गम श्रेणी विद्यालय ब्लॉक जखोली रुद्रप्रयाग में स्वैच्छिक अनुरोध पर आवेदन किया गया था, जो कि स्थानांतरण सूची में नाम आने से दुर्गम में सेवा करने के लिए सहर्ष खुशी जताई है। राशिंस के जिलाध्यक्ष नरेश कुमार भट्ट ने कहा कि राजकीय शिक्षक संघ की शक्ति केंद्र को दुर्गम विद्यालयों में ले जाने का एक प्रयास भर है। समग्र शिक्षा विद्यालयों की समस्याओं को ध्यान में रखकर ही इस विद्यालय में आने का निर्णय लिया गया। संगठन की शक्ति का प्रयोग दुर्गम विद्यालयों के लिए किये जाने के लिए तथा कोटिकरण विसंगति निराकरण हेतु वचनबद्ध हूं। उन्होंने राशिसं के जिलाध्यक्ष रहते हुए दुर्गम विद्यालय में जाने की पहले करते हुए एक सामान्य शिक्षक की तरह बनने का प्रयास किया है वह संगठन हित में नींव का पत्थर साबित होगा। (एजेंसी)

## 2 जुलाई से लगेगें निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सौजन्य से राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता कार्यक्रम के अंतर्गत विवेकानंद नेत्रालय, रामकृष्ण मिशन आश्रम, किशनपुर देहरादून द्वारा जनपद रुद्रप्रयाग में माह जुलाई में 05 निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि दो जुलाई को भाणाधार रुद्रप्रयाग स्थित विवेकानंद विजन सेंटर में, नौ जुलाई को श्री रामकृष्ण विवेकानंद सेवा आश्रम गुप्तकाशी में, 15 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में, 23 जुलाई को श्री रामकृष्ण विवेकानंद सेवा आश्रम गुप्तकाशी व 26 जुलाई, 2023 को विवेकानंद विजन सेंटर भाणाधार, रुद्रप्रयाग में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# यात्रियों और व्यापारियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए किया प्रेरित

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ में दर्शन करने आ रहे तीर्थयात्रियों को साफ–सुथरा वातावरण मुहैया कराने के लिए धाम में निरंतर सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा जिला पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायतों एवं सुलभ इंटरनेशनल को उनसे संबंधित क्षेत्रों में लगातार सफाई के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों पर केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों को साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर कोई परेशानी एवं असुविधा न हो, इसके लिए समय समय पर स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं।

केदारनाथ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों का पालन करते हुए केदारनाथ धाम में बुधवार को सेक्टर प्रभारी संजय कुमार व पर्यावरण पर्यवेक्षक मुकेश कुमार के नेतृत्व व देखरेख में मंदाकिनी नदी एवं समीपवर्ती क्षेत्र से हिमलोक कॉलोनी तक सफाई अभियान चलाया गया।

इस दौरान करीब 20 किलोग्राम प्लास्टिक कचरे व कूड़े को एकत्रित करते हुए उसका निस्तारण किया गया। इसके साथ ही केदारनाथ धाम में आ रहे यात्रियों एवं व्यापारियों को भी स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। (एजेंसी)

# तीन लाख से बना शौचालय सात साल में क्षतिग्रस्त

बागेश्वर। भराड़ी बाजार के प्रवेश द्वार पर तीन लाख रुपये की लागत से बना शौचालय सात साल में भी क्षतिग्रस्त हो गया है। बदहाल शौचालय में लोग अपनी जान जोखिम में डालकर जा रहे हैं, लेकिन अब नगर पंचायत ने यहां नोटिस चस्पा कर दिया है। जिसमें स्पष्ट लिखा है कि कोई भी व्यक्ति बदहाल शौचालय का उपयोग न करें। मालूम हो कि भराड़ी बाजार में करीब 235 दुकानें हैं। यहां रोजाना पांच से छह हजार लोगों की आवाजाही रहती है। लोगों को शौचालय की परेशानी न हो इसके एक शौचालय प्रवेश द्वार पर तथा दूसरा सौंग तिराहे पर बनाया गया। 2016 में प्रवेश द्वार पर तीन लाख रुपये से बना शौचालय सात साल में ही क्षतिग्रस्त हो गया है। इसकी गुणवत्ता पर शुरू से ही सवाल उठते रहे, लेकिन किसी भी जिम्मेदार ने इस पर ध्यान नहीं दिया। बदहाल शौचालय में ही लोग अपनी जान जोखिम में डालकर जा रहे थे। बुधवार को नगर पंचायत ने शौचालय के बाहर नोटिस चस्पा कर दिया है।

# तीन साल से फरार वारंटी यूपी से गिरफ्तार



नई टिहरी : चंबा थाना पुलिस ने बीते तीन साल से एनआई ऐक्ट के मामले में फरार चल रहे एक वारंटी को यूपी के नोएडा से गिरफ्तार किया है। चंबा थाने के एसएचओ एसएस बुटोला ने बताया कि धारा 138 एनआई ऐक्ट के मामले में न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नई टिहरी ने अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र बाबूराम निवासी भदामई, थाना चौबिया जिला इटावा (उत्तर प्रदेश) का लगातार एनबीडब्ल्यू जारी किया जा रहा था। वारंटी पिछले लगभग 3 वर्षों से अपने घर से फरार चल रहा था। न्यायालय ने पुनः अभियुक्त का एनबीडब्ल्यू जारी किया। मामले में एसएचओ चंबा एलएस बुटोला ने वारंटी की तलाश व गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। जिसमें एसओजी को भी शामिल किया गया। टीम ने गहन जांच-पड़ताल करते हुए अभियुक्त मनोज को सेक्टर 110, नोएडा (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार कर लिया है। जहां वह छिपकर रह रहा था। अभियुक्त मनोज को न्यायलय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। आरोपी को पकड़ने में एसआई दीपक लिंगवाल, राजेश वर्मा और कांस्टेबल नजाकत की भूमिका अहम रही। (एजेंसी)

# जी बी पंत पर्यावरण संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन



अल्मोड़ा। गोविन्द बल्लभ पन्त राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान कोसी–कटारमल तथा राष्ट्रीय सतत तटीय प्रबन्धन केन्द्र चेन्नई द्वारा भारत की जी 20 की अध्यक्षता और बदलती जलवायु के तहत हिमालयी समाजों को बनाए रखने के लिए हरित–विकास रणनीतियाँः नीति, मार्ग और उपकरण विषय पर दो दिवसीय (27–28 जून 2023) राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय दिन की शुरुआत में संस्थान के निदेशक प्रो सुनील नौटियाल ने सभी आगंतुकों का पुनः स्वागत करते हुए उन्हें इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता हेतु सबका आभार जताया।

राष्ट्रीय सम्मेलन के तृतीय तकनीकी सत्र में बी.एस. बोनाल, पूर्व पीसीसीएफ और डॉ ललित तिवारी, प्रोफेसर कुमाऊँविश्वविद्यालय नैनीताल की अध्यक्षता में जलवायु एवं पर्यावरणीय स्वास्थ्य विषय पर परिचर्चा हुई जिसमें डॉ नरेंद्र सिंह, एरीज नैनीताल ने जलवायु परिवर्तन और हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र पर इसके प्रभाव और डॉ एच.सी. कर्नाटक, भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान देहरादून ने उभरती भू–स्थानिक प्रौद्योगिकियों और जलवायु परिवर्तन अध्ययन में इसके अनुप्रयोग विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम के चतुर्थ तकनीकी सत्र में डॉ लक्ष्मीकांत, निदेशक वीपीकेएएस अल्मोड़ा और डॉ एस पी सती, प्रोफेसर वीसीएसजीयूएचएफ की अध्यक्षता में सतत सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए चक्रीय अर्थव्यवस्था विषय पर परिचर्चा हुई जिसमें डॉ उमा मेलकानिया, जी बी पन्त कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर ने पारिस्थितिकी तंत्र आधारित अनुकूलन और शमन रणनीतियाँ, डॉ लक्ष्मीकांत, निदेशक वीपीकेएएस अल्मोड़ा ने परंपरागत श्री अन्न फसलों द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों में पोषण सुरक्षा तथा डॉ संजय द्विवेदी, इन्दिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर ने चावल–अलसी फसल प्रणाली के तहत लाभकारी रिटर्न के लिए जलवायु अनुकूल कृषि प्रबंधन रणनीतियाँ विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के द्वितीय पैनल चर्चा में डॉ एन.एच. रवीन्द्रनाथ, आईआईएससी बैंगलोर और डॉ जी.एस.रावत, डब्ल्यूआईआई देहरादून की अध्यक्षता में वन संसाधन और पादप जैव विविधता विषय पर परिचर्चा हुई जिसमें डॉ जे सी कुनियाल, वैज्ञानिक पर्यावरण संस्थान अल्मोड़ा ने वन संसाधन और पादप जैव विविधता विषय पर अपना व्याख्यान दिया। तृतीय पैनल चर्चा में डॉ वी.पी. डिमरी, पद्मश्री और एफएनए और ई किरीट कुमार, वैज्ञानिक पर्यावरण संस्थान अल्मोड़ा की अध्यक्षता में आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर परिचर्चा हुई जिसमें डॉ एस पी सती, प्रोफेसर वीसीएसजीयूएचएफ ने जलवायु परिवर्तन और हिमालयः कुछ हालिया निष्कर्ष विषय पर अपना व्याख्यान दिया और चतुर्थ पैनल चर्चा में डॉ उमा मेलकानिया, जीबी पन्त कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर और महातिम यादव, आईएफएस की अध्यक्षता में जंगल की आग–मुद्दे, चुनौतियाँ और सर्वोत्तम प्रबंधन प्रथाएँ विषय पर परिचर्चा हुई। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के समापन सत्र में सर्वश्रेष्ठ मौखिक/पोस्टर प्रस्तुतियाँ हेतु प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये गए। कार्यक्रम के समापन सत्र में डॉ असीर रमेश, डॉ. संजीव बच्चर, डॉ. लक्ष्मी कांत, तथा प्रकाश जोशी ने कार्यशाला को उपयोगी बताया तथा अपने विचार व्यक्त किये।

## राज्य के तीन अस्पतालों को मिला लक्ष्य पुरस्कार

देहरादून। उत्तराखंड के तीन अस्पतालों को केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) व लक्ष्य पुरस्कार से सम्मानित किया है। इसमें नैनीताल का बीडी पांडे जिला अस्पताल, चंपावत का जिला चिकित्सालय व रुड़की उपजिला अस्पताल शामिल हैं। अस्पतालों को यह पुरस्कार मिलने पर स्वास्थ्य सचिव एवं एनएचएम के मिशन निदेशक डॉ आर राजेश कुमार ने भी अस्पताल के अधिकारियों को सम्मानित किया है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि बीडी पांडे अस्पताल के छह विभागों ब्लड बैंक, आईपीडी, लैब को एनक्यूएएस अवार्ड जबकि लेबर रुम एवं मेटरनेल ऑपरेशन थियेटर को लक्ष्य पुरस्कार दिया गया है। चंपावत जिला अस्पताल के छह विभाग जिसमें ओपीडी, ब्लड बैंक, मेटरनेटी वार्ड, फार्मेसी, एवं सामान्य प्रशासन को एनक्यूएएस व लेबर रुम को लक्ष्य पुरस्कार मिला है। उपजिला अस्पताल रुड़की के सात विभागों जिसमें सामान्य प्रशासन, जनरल ओटी., ब्लड बैंक, मैटरनिटी वार्ड एवं प्रयोगशाला को एनक्यूएएस एवं लेबर रूम व मैटरनिटी ओटी को लक्ष्य पुरस्कार मिला है। इसके तहत बीडी पांडे अस्पताल को 8.4 लाख , जिला अस्पताल चंपावत को 4.6 लाख व उप जिला अस्पताल रुड़की को 8.8 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि के तौर पर दिए जाएंगे। सचिव स्वास्थ्य ने कहा कि राज्य के अस्पतालों को अपग्रेड करने के प्रयास किए जा रहे हैं और व्यवस्थाओं को सुधारने का काम जारी है।

# लीती में चौपाल लगाकर पांडे ने सुनीं समस्या

बागेश्वर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार सरकार जनता के द्वार के तहत सचिव मुख्यमंत्री, वित्त एवं आवास सुरेंद्र नारायण पांडे ने लीती के प्राथमिक विद्यालय जमुवाखाल में चौपाल लगाकर जन संवाद कर क्षेत्र की समस्यायें सुनी एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों से ली उन्होंने लीती में ही रात्रि विश्राम किया।

उन्होंने लीती में सब्जी, कीवी उत्पादन, मत्स्य पालन के साथ ही लीती–शाम में ग्रोथ सेंटर का निरीक्षण किया।

सचिव ने ग्रामीणों से क्षेत्र में कृषि, उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, स्वास्थ्य सुविधायें, शिक्षा, दुग्ध, सहकारिता, बाल विकास द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारियॉ ली व जागरूक होकर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने को कहा।

इस दौरान आयोजित चौपाल में प्रधान लीती चामू सिंह कोरंगा ने इंटर कॉलेज लीती में स्थायी प्रधानाचार्य, शिक्षक तैनाती के साथ ही पर्यावरण मित्र नियुक्त करने तथा विज्ञान वर्ग संचालित कराने का अनुरोध किया। धना देवी ने उनके द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूह की जानकारियॉ देते हुए समूह द्वारा सब्जी उत्पादन, पशुपालन, होम स्टे संचालन की जानकारियां दी।

साथ ही उन्होंने लीती में एएनएम सेंटर खोलने व प्राथमिक विद्यालय जमुवाखाल लीती को आर्दश विद्यालय बनाने का अनुरोध किया। क्षेत्रवासियों ने लीती सीप फार्म की खाली बंजर पड़ी भूमि को कार्य करने हेतु महिला समूह को देने की मांग रखी व उरेडा की विद्युत लाईन एवं ट्रांसफार्मर खराब होने से लीती का तोक जहॉ 60 परिवार रहते है वहॉ कई दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित होने की शिकायत करते हुए उन्हें यूपीसीएल विद्युत लाईन से संयोजित करने की मांग की।

# ऑनलाइन कमाई के झांसे में युवती ने 18 लाख गंवाए

देहरादून। ऑनलाइन सोशल मीडिया चैनल पर कंपनियों के सेल्स प्रमोशन का झांसा देकर 18.11 लाख रुपये ठग लिए गए। साइबर धोखाधड़ी मौसम विज्ञान केंद्र आवासीय परिसर निवासी युवती के साथ हुई। उनकी तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन देहरादून में अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। साइबर धोखाधड़ी प्रियंका नेगी केयर ऑफ गौरव नेगी निवासी मौसम केंद्र आवासीय परिसर, मोहकमपुर के साथ हुई। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दी तहरीर में कहा कि 13 जून को उनके व्हाट्सएप पर एक अंजान नंबर से मैसेज आया। मैसेज भेजने वाली ने खुद को अंकिता पंवार और ब्रैंडलूम डिजिटल मार्केटिंग से जुड़ा बताया। बताया कि वह सोशल नेटवर्क पर सेल्स और प्रमोशन का काम करते हैं। जिसके लिए टास्क देकर कमाई की जाती है। पीड़िता झांसे में आ गई। वह मैसेज में बताए अनुसार करती गई। उसे टेलिग्राम पर एक ग्रुप में जोड़ा गया। इसके बाद वोटर आईडी कार्ड और ईमेल मांगा गया। उसके जरिए आरोपियों ने अपनी वेबसाइट पर पीड़िता की प्रोफाइल बनाई गई। उस पर मोटा लाभ दिखाया गया। इस तरह झांसे में लेकर अलग–अलग टास्क के जरिए आरोपियों ने पीड़िता से अपने दिए बैंक खाते में कुल 18.11 लाख रुपये जमा करवा लिए। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि मामले में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# चंद्रबदनी महाविद्यालय श्रीदेव सुमन विवि का तीसरा परिसर

देहरादून। राज्य सरकार ने चंद्रबदनी राजकीय महाविद्यालय को श्रीदेव सुमन विश्व विद्यालय का परिसर घोषित कर दिया है। अब उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक के बजाय श्रीदेव सुमन विवि के कुलपति के अधीन यह महाविद्यालय हो गया है। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव शैलेश बगोली ने यह आदेश किए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने चंद्रबदनी नैखरी राजकीय महाविद्यालय को श्रीदेव सुमन विवि का परिसर बनाने का चार पहले ऐलान किया था। यह इस विवि का तीसरा कैंपस होगा। इससे पहले सरकार ऋषिकेश और गोपेश्वर महाविद्यालय को इसका कैंपस बना चुकी है।बुधवार को रेसकोर्स स्थित विधायक हास्टल में पत्रकारों से बातचीत में क्षेत्रीय विधायक विनोद कंडारी ने मुख्यमंत्री धामी और उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत का आभार जताया। उन्होंने बताया कि काफी समय से लोग नैखरी महाविद्यालय को भी कैंपस बनाने की मांग कर रहे थे। इस महाविद्यालय के 12 से 15 किमी के दायरे में 16 इंटर मीडिएट कालेज हैं।

## दून अस्पताल को मिले दो और एक्सरे तकनीशियन

देहरादून। जिला अस्पताल कोरोनेशन में रेडियोलोजी विभाग में एक्स–रे , सिटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड को आने वाले मरीजों को राहत मिलेगी। यहां दो और एक्सरे तकनीशियन संतोष मिश्रा और बसंती नेगी की तैनाती हुई है। अभी यहां पर तीन तकनीशियन राजवीर सिंह, एके वर्मा और एचसी पुरोहित ही थे। मरीजों की संख्या और हर दिन होने वाले एक्स रे, अल्ट्रासाउंड और सिटी स्कैन को देखते हुए यहां अतिरिक्त तकनीशियन की जरूरत थी। तकनीशियन की कमी की वजह से यहां पर रेडियोलोजी विभाग में रात के समय में दिक्कत आ रही थी। अब अस्पताल प्रबंधन इन सेवाओं को 24 घंटे बहाल करने पर विचार कर रहा है।

G20
उत्तर रेलवे
ई–नीलामी
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा कैटरिंग स्टाल (SMU), ... www.ireps.gov.in पर दिनांक 13.07.2023 और 14.07.2023 को आयोजित की जाती है। जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
2006/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सम्पादकीय

## फिर हावी बेलगाम महंगाई

मानसून शुरू होने के साथ ही एकाएक महंगाई का ग्राफ बढ़ने लगा है। खासतौर से सब्जियों के दाम इतने अधिक बढ़ गए की आम आदमी की रसोई सुनी पड़ने लगी है। अभी २० दिन पहले ही जो टमाटर सड़कों पर फेंका जा रहा था और गली मोहल्लों तक 20 किलो में भी खरीदार नहीं मिल रहे थे वह अब 100 का आंकड़ा पार कर चुका है। कहीं दाम 120 प्रति किलो पहुंच गए हैं तो आशंका डेढ़ सौ तक पहुंचने की भी है। टमाटर व अन्य सब्जियों के दाम बढ़ने के पीछे दलील दी जा रही है कि बारिश के कारण सब्जियों की आवक मैं काफी कमी आई है जिससे दाम बढ़े हैं। परेशानी यह है कि 1 सप्ताह के अंदर ही टमाटर व अन्य सब्जियों के दाम ने इस प्रकार से उछाल भरी है कि किलो में खरीदी जाने वाली सब्जियां पाव तक पहुंच गई है। वह भी ऐसे समय में जब त्यौहार सिर पर हैं और महंगाई के कारण त्योहारों का रंग भी फीका पड़ता हुआ नजर आ रहा है। अब सवाल यह उठता है कि मानसून से पूर्व महंगाई को नियंत्रण करने के लिए आखिर सरकारी तंत्र कोई प्रबंध पहले से क्यों नहीं करता। क्या भंडारण की व्यवस्था सही नहीं है या फिर जनता को उसके हाल पर ही छोड़ दिया जाता है! सामान्यता मानसून आने के दौरान सब्जियों के दामों में थोड़ी बढ़ोतरी जरूर होती है लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है जब टमाटर इस प्रकार से उछाल भरकर शतक वीर बन गया है। टमाटर जल्द खराब होने वाली सब्जी है, लिहाजा इसके भंडारण के साथ कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था भी बेहद जरूरी है। सामान्यता खेतों से टमाटर टूटने के बाद सीधा बिक्री के लिए मंडी में भेजा जाता है, और खराब होने से पूर्व इसकी खपत की कोशिश की जाती है। हालांकि बड़ी मात्रा में ट्रांसपोर्ट व दूसरी परिस्थितियों से टमाटर खराब भी होता है लेकिन दाम उसके बावजूद भी इस प्रकार से अनियंत्रित नहीं होते जैसे इन दिनों देखने को मिल रहे हैं। यह काफी अचंभित कर देने वाला है कि पिछले 1 महीने में टमाटर की कीमतों में 1900% तक का इजाफा हुआ है। टमाटर का बड़े पैमाने पर उत्पादन करने वाले राज्यों बिहार, पश्चिम बंगाल, गुजरात, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में भी इसकी कीमतें आसमान छू रही हैं। उत्तराखंड में भी बरसात के कारण टमाटर की खेती प्रभावित हुई है जिसका असर स्थानीय बाजार में देखने को मिला है। परिस्थितियां चाहे जैसी भी हो सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह खाद्य पदार्थों के दामों में नियंत्रण बनाए रखें ताकि आम आदमी का बजट खराब ना हो। मौसम के अनुरूप पूर्वानुमान होना चाहिए लेकिन सामान्यता देखा गया है कि किसी भी वस्तु, खासतौर से खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ते हैं तो सरकारी तंत्र महज मूकदर्शक बनकर देखता रह जाता है। आम जनता की रसोई कुछ दिन सुनी पड़ी रहती है और लोग अपने दूसरे खर्चों में कटौती कर बजट को नियंत्रित करने का प्रयास करते हैं। सरकारी तंत्र की बातों पर विश्वास करें तो राहत की बात सिर्फ यही है कि आने वाले दिनों में शायद दामों में कुछ कमी आए लेकिन यह तभी संभव है जब उत्पादन और वितरण के बीच संतुलन बनाया जाएगा। शेर हिंदुस्तान की जनता भी महंगाई की यह त्रासदी झेलने की आदी बन चुकी है कुछ दिनों में दाम कम होंगे तो जनता का गुस्सा भी शांत होगा, यह अलग बात है कि दामों के बढ़ने का यह सिलसिला दाल सब्जियों से हटकर किसी दूसरे उत्पाद से जुड़कर जेब खाली करेगा।

## अभी तो कुहेलिका है

अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाने के लिए पिछले शुक्रवार को पटना में आयोजित विपक्षी नेताओं की बैठक से अगर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अपवाद को छोड़ दिया जाए तो यह संदेश गया है कि विपक्ष एकजुट होने के मामले में गभीर है।

लेकिन चुनाव की दृष्टि से विपक्षी एकता का स्वरूप क्या होगा, यह तो अगली बैठकों में तय होगा। फिर भी यह तो कहा ही जा सकता है कि पटना की बैठक विपक्षी एकता की शुरुआत है।

लेकिन इस संभावित एकता को राजनीतिक, वैचारिक और व्यावहारिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। विपक्षी राजनीतिक दलों के नेता जिन ज्वलंत मुद्दों को लेकर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर प्रहार करता रहा है, कम से कम उन मुद्दों पर उन्हें अपनी नीतियों को स्पष्ट करना होगा।

अर्थात विपक्ष बेरोजगारी और महंगाई को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों की कटु आलोचना करता रहा है। इस मसले पर विपक्ष को यह बताना होगा कि बेरोजगारी दूर करने के लिए उसके पास कौन–कौन सी योजनाएं हैं? अगर विपक्ष सत्ता में आता है तो रोजगार बढ़ाने के लिए उसके पास किस तरह की योजनाएं हैं?

विदेशी निवेश बढ़ाने के लिए उनकी नीतियां क्या होंगी? ठीक उसी तरह से देश में महंगाई बढ़ रही है ,पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर के दाम जिन कारणों से बढ़ रहे हैं, उन पर विपक्ष किस तरह नियंत्रण करेगा? विदेश नीति के मोर्चे पर उनकी क्या नीतियां होंगी और चीन की विस्तारवादी नीतियों पर अंकुश लगाने के लिए आखिर वे क्या करेंगे? कांग्रेस सहित लगभग सभी विपक्षी दलों के नेता भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर देश को सांप्रदायिक आधार पर बांटने का आरोप लगाते रहते हैं।

इस पर अहम सवाल है कि क्या मुस्लिम तुष्टीकरण से ही सांप्रदायिक विभाजन दूर होगा? इससे भी बड़ा सवाल है कि क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी दलों के नीतिगत मतभेद दूर कैसे होंगे? सबसे बड़ा सवाल तो यह भी है कि विपक्ष की इस बारात का दुल्हा कौन होगा?

हालांकि राजद नेता लालू यादव ने मजाक में ही राहुल गांधी की ओर इशारा किया। इस मजाक में भी एक संदेश था, लेकिन क्या समूचा विपक्ष राहुल गांधी को अपनी बारात का दुल्हा मानने के लिए तैयार है? इन सभी सवालों पर अभी तक विपक्ष ने कोई स्पष्ट नीति नहीं रखी है। उसके रुख से लगता है कि शिमला बैठक के बाद ही गठबंधन का कोई ठोस स्वरूप उभर कर आएगा। फिलहाल यही है कि साथ लडने पर वे सहमत हैं।

## मौसम में अप्रत्याशित बदलाव से मौसम वैज्ञानिक भी हैरान

मौसम की आंखमिचौली से हर कोई हैरान है। देश के कुछेक हिस्सों में जहां प्रचंड गर्मी से लोग परेशान हैं वहीं मूसलाधार बारिश के चलते पूर्वोत्तर के इलाकों में बाढ़ की दुरियां हैं। एक खबर यह भी है कि करीब 62 साल बाद आर्थिक राजधानी मुंबई और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एकसाथ मानसून सक्रिय हुआ है। यानी इन दो जगहों पर बारिश एक साथ हो रही है। आमतौर पर मुंबई में मानसून दिल्ली के मुकाबले 15 दिन पहले आ जाता है। ज्ञातव्य है कि इससे पहले 21 जून, 1961 को दिल्ली और मुंबई में एकसाथ मानसून पहुंचा था।बहरहाल, मौसम के बदलते स्वरूप के चलते उत्तर भारत में जहां सूर्य की तपिश से आमजन परेशान है वहीं पहाड़ी इलाकों में भारी बरसात के कारण हालात काफी भयावह हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश में 100 से ज्यादा लोग लू लगने से मारे गए तो वहीं पहाड़ी राज्यों–हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में बादल फटने से हालात काफी खराब हो चले हैं। वहीं असम में बाढ़ से स्थिति बदतर है। राज्य में 61 राहत शिविरों में करीब 50 हजार से ज्यादा लोग शरण लिये हुए हैं। हाल के वर्षो में मौसम में अप्रत्याशित बदलाव से मौसम वैज्ञानिक भी हैरान हैं।

# पंचायत चुनाव: हिंसा की सियासत

**शंकर जालान**

पंचायत राज की स्थापना का सीधा–सीधा मतलब था कि हर वर्ग और हर व्यक्ति को न केवल सरकारी योजनाओं का ज्ञान रहे, बल्कि लाभ भी मिले।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए पंचायत राज को बढ़ावा दिया गया कि व्यक्ति पंचायत प्रमुख या पंचायत प्रधान के जरिए अपनी दिक्कतों को सरकार तक पहुंचा सके, लेकिन कालक्रम में ज्यों–ज्यों राजनीति में असामाजिक तत्वों का बोलबाला बढ़ा और राजनेताओं के प्रति जनता का विश्वास कम हुआ त्यों–त्यों राजनीति में हिंसा का चलन बढ़ता गया। चाहे कोई नेता हो या दल, चुनाव जीतने के लिए मुद्दों नहीं, मारपीट का सहारा ले रहा है। हिंसक वारदातों को जायज नहीं ठहराया जा सकता। इस मामले में कोई भी राजनीतिक दल पीछे नहीं है। नेता को जीत चाहिए और दल को सत्ता। इसके लिए वह सब कुछ कर गुजरने को तैयार हैं।

ताजा उदाहरण पश्चिम बंगाल का है, जहां अगले महीने (8 जुलाई) त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होना है, इसके लिए नामांकन और नाम वापस लेने की प्रक्रिया भले ही पूरी यानी रु क गई हो, लेकिन हिंसा रु कने का नाम नहीं ले रही है। सूबे के विभिन्न जिलों से रोजाना हिंसक घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। सरकारी तौर पर सात लोग की मौत हुई है और दर्जनों जख्मी बताए जा रहे, इन घटनाओं पर किस प्रकार अंकुश लगे, इस पर विचार करने की बजाए सभी नेता और दल एक–दूसरे पर आरोप लगाने पर व्यस्त दिख रहे हैं। बंगाल में जिला परिषद, ग्राम पंचायत और पंचायत समितियों के लिए आठ जुलाई को मतदान और 11 जुलाई को मतगणना होगी, लेकिन इसे अचरज कहें या अराजकता कि 12 फीसद यानी नौ हजार से कुछ ज्यादा सीटों पर सभी दलों (तृणमूल, भाजपा, माकपा और कांग्रेस) समेत निर्दलीय ने जीत हासिल कर ली है।

इस गणित से यह साफ हो जाता है कि अगले महीने होने वाला त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कितना निष्पक्ष और शांतिपूर्ण होने वाला है। नामांकन और नाम वापसी की समय–सीमा पूरी होते ही जैसे ही राज्य चुनाव आयोग ने यह बताया कि 9009 सीटों पर निर्दलीय समेत तमाम दलों ने जीत हासिल कर ली है। आम आदमी तो क्या कलकत्ता उच्च न्यायालय में अचंभित रह गया और इस बाबत हलफनामा दायर करने को कहा। विपक्ष शुरू से ही चुनाव में गड़बड़ी की आशंका जताता रहा है, इस बाबत उच्च न्यायालय ने भी विपक्ष की बातों को सही मानते हुए केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया,




आगामी 8 जुलाई को 73,887 सीटों के लिए होने वाले मतदान से पहले 9009 उम्मीदवारों ने बिना प्रतिद्वंदिता के निर्विरोध जीत हासिल कर ली। राज्य चुनाव आयोग ने जिलावार ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के सीटों पर निर्विरोध जीत की सूची जारी की। सूची के तहत ग्राम पंचायत के 63,229 सीटों में से 8,002 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की, जबकी पंचायत समिति के 9,730 सीटों में से 991 उम्मीदवार बिना प्रतिद्वंदिता के जीत गए। जिला परिषद की कुल 928 सीटों में से 16 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत दर्ज की।पंचायत समिति में सबसे अधिक दक्षिण चौबीस परगना की 6,383 सीटों में से 1,767 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की। अलीपुरद्वार में सबसे कम 1,252 सीटों में से 8 सीटों पर उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की।

जिसके खिलाफ राज्य चुनाव आयोग और राज्य सरकार ने सवोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखाया, लेकिन सवोच्च न्यायालय ने भी उच्च न्यायालय के आदेश पर मुहर लगाई।

अब केंद्रीय बलों के जवान हिंसा पीड़ित इलाकों का दौरा कर लोगों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश कर रहे हैं, आठ जुलाई को निर्भय होकर अपनी मर्जी से अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट दें, इस बीच तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और राज्य की मुख्यमंत्री डंके की चोट पर कह रही हैं कि चाहे जितने केंद्रीय बल आ जाए, जीत हर हाल में हमारी यानी तृणमूल कांग्रेस की ही होगी।

सवाल यह उठता है कि मतदान के पहले ममता इस तरह का दावा कैसे और किस आधार पर कर सकती हैं?

उनके दावे में इतना दम है तो फिर केंद्रीय बलों की तैनाती से डर क्यों रही हैं? सूबे में यह पहला मौका नहीं है, जब केंद्रीय बलों की तैनाती में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने जा रहे हैं, इससे पहले 2013 में भी पंचायत चुनाव के दौरान भी केंद्रीय बलों की तैनाती हुई थी और तृणमूल कांग्रेस जीती थी। शायद इस बार ममता अंदर से भयभीत हैं, क्योंकि नाना प्रकार के भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरने, सीबीआई व ईडी के जाल में फंसी होने और कांग्रेस व वाममोर्चा की लोकप्रियता में हुई कुछ बढ़ोतरी के कारण तृणमूल खेमे की नींद उड़ी हुई है। इसके अलावा, मुख्य विपक्षी दल भाजपा से मिल रही कड़ी टक्कर मिल रही है।

आगामी 8 जुलाई को 73,887 सीटों के लिए होने वाले मतदान से पहले 9009 उम्मीदवारों ने बिना प्रतिद्वंदिता के निर्विरोध जीत हासिल कर ली।

राज्य चुनाव आयोग ने जिलावार ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के सीटों पर निर्विरोध जीत की सूची जारी की। सूची के तहत ग्राम पंचायत के 63,229 सीटों में से 8,002 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की, जबकी पंचायत समिति के 9,730 सीटों में से 991 उम्मीदवार बिना प्रतिद्वंदिता के जीत गए। जिला परिषद की कुल 928 सीटों में से 16 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत दर्ज की।

पंचायत समिति में सबसे अधिक दक्षिण चौबीस परगना की 6,383 सीटों में से 1,767 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की। अलीपुरद्वार में सबसे कम 1,252 सीटों में से 8 सीटों पर उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की।

पंचायत समिति में भी सबसे अधिक संख्या में जीत दर्ज करने वाले उम्मीदवार भी दक्षिण चौबीस परगना जिले के हैं। जहां 926 पंचायत समिति सीटों पर 233 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की। कालिम्पांग और पुरु लिया के 76 और 496 सीटों में एक–एक उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। जिला परिषद में बीरभूम और कूचबिहार की एक–एक सीट, उत्तर चौबीस परगना की 3 सीट, दक्षिण चौबीस परगना की 8 सीट और उत्तर दिनाजपुर की 3 सीट पर उम्मीदवारों ने बिना प्रतिद्वंदिता की जीत हासिल की है।

# इस उपलब्धि से ईर्ष्या क्यों है पाकिस्तान को

**आचार्य पवन त्रिपाठी**

60 की उम्र पार कर चुके लोगों के जेहन में 1971 की कुछ यादें अभी भी ताजा होंगी। जब रोज सुबह आनेवाले अखबारों में खबरें छपती थीं कि पाकिस्तान के समर्थन में अमेरिका का सातवां बेड़ा निकल चुका है, या यहां–वहां पहुंच गया है।

आज उसी अमेरिका की संसद में भारतीय प्रधानमंत्री के लगभग एक घंटे के भाषण पर 79 बार तालियां बजना और 15 बार स्टैंडिंग ओवेशन मिलना आश्चर्यजनक नहीं है क्या? है। दुनिया मान भी रही है। लेकिन भारत के कुछ लोग यह मानने को तैयार नहीं हैं।

आज के युग में दुनिया के किसी भी देश के लिए विदेश नीति के मोर्चे सफल होना सबसे बड़ी जरूरत होती है। इसी से उसकी आर्थिक–सामाजिक प्रगति जुड़ी होती है। विदेश नीति कोई एक दिन में परवान चढने्वाली चीज नहीं होती। इसके लिए कई मोर्चों पर सतत प्रयास करने पड़ते हैं। अलग–अलग देशों के साथ बड़ी सावधानी से कदम बढ़ाने पड़ते हैं। खासतौर से तब जब रूस–यूक्रेन युद्ध जैसी स्थिति चल रही हो। ऐसे में आप रूस से कच्चा तेल भी खरीद रहे हों, यूक्रेन से बात भी कर रहे हों, और अमेरिका की संसद में तालियां बटोरकर स्टैंडिंग ओवेशन भी ले रहे हों, तो यह आश्चर्यजनक नहीं लगता क्या? ये आश्चर्यजनक उन्हीं को नहीं लगता, जिनकी आंखों पर मोदी विरोध की पट्टी बंधी हुई हो। भारत जैसा दुनिया की सबसे बड़ी आबादी का देश आज तब तक प्रगति नहीं कर सकता, जब तक कि उसे साधनों–संसाधनों के मोर्चे पर अन्य सक्षम देशों से तकनीकी मदद न मिल पाए। ये मदद कोई यों ही तो नहीं कर देता।

विदेश नीति सीधा लेन–देन का विषय है। सामनेवाले को हम ताकतवर दिखाई देंगे, तो ही वह हमसे हाथ मिलाने को तैयार होगा। वरना मेहरबानी का लाल गेहूं तो 1960 में भी अमेरिका से हम पाते ही रहे हैं। आज हाथ मिलाना तो बहुत पीछे छूट चुका है। अब तो पैर छुए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की सलाह पर सिडनी में लखनऊकी चाट और जयपुर की जलेबियां खाई जा रही हैं, और अमेरिकी संसद में उनके भाषण पर तालियां पीटी जा रही हैं, ऑटोग्राफ लिए जा रहे हैं। आज हम इस स्थिति में पहुंचे हैं, तभी भारत और अमेरिका एक साथ मिलकर पाकिस्तान को आतंकी गतिविधियां रोकने के लिए सख्त हिदायत देने की स्थिति में आ सके हैं।



याद है, कुछ वर्ष पहले हुआ अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा का भारत दौरा। मुंबई के सेंट जेवियर्स कॉलेज में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान ओबामा से पाकिस्तानी आतंकवाद के बारे में बार–बार कोई टिप्पणी करवाने की कोशिश पर भी ओबामा ने पाकिस्तान के विरोध में एक शब्द नहीं बोला था। यहां तक कि 2021 में हुई मोदी और बाइडन की पहली द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में भी पाकिस्तान का नाम नहीं लिया गया था। लेकिन गुरुवार को जारी संयुक्त बयान में पाकिस्तान का सीधे तौर पर नाम लिया गया। भारत–अमेरिका के इस बदले हुए साझा रुख से पाकिस्तान की शहबाज सरकार की नींद उड़ गई है। दोनों नेताओं ने सीमा पर आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की है, और पाकिस्तान से साफ कहा है कि वह सुनिश्चित करे कि उसकी जमीन का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए न हो। भारत–अमेरिका की इस दोस्ती ने विश्व मंच पर पाकिस्तान को अप्रासंगिक बना दिया है।

भारत–अमेरिका की इस शिखर वार्ता में चीन का खुलकर नाम भले न लिया गया हो, लेकिन संयुक्त बयान में कई ऐसे तथ्यों की ओर इशारा किया गया है, जो चीन की ओर ही इशारा करते हैं। बात रक्षा क्षेत्र में खरीदारी की हो, या संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली में सुधार की, हर मोर्चे पर भारत को सफलता मिल रही है, और वह साफगोई के साथ आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) एवं भारतीय कंपनी हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लि. के बीच हुआ समझौता साफ संकेत है कि रक्षा क्षेत्र में अमेरिका अब भारत को अहम तकनीक देने को भी तैयार है। यह तकनीक भारतीय सेना के लिए लड़ाकू जेट इंजन बनाने के काम आएगी। अब तक खरीदार एवं विक्रेता के रिश्तों से आगे बढ़ते हुए तकनीक ट्रांसफर तक पहुंचना हमारी विदेशनीति की एक बड़ी उपलब्धि है, और मानी जानी चाहिए। 31 प्रिडेटर ड्रोन की खरीद सहित रक्षा क्षेत्र में हुए कई और सौदों के कारण भविष्य में भारत अपने चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों पर बढ़त बनाने में कामयाब होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब विदेश जाते हैं तो वहां रह रहे भारतवंशी उनका बड़े उत्साह से स्वागत करते हैं। इसका कारण है पिछले कुछ वर्षो में उनका वहां बढ़ा सम्मान। इस सम्मान के साथ–साथ उनकी सुविधाएं भी बढ़ रही हैं। पढ़ाई, नौकरी या व्यवसाय के लिए भारत से अमेरिका जाना आम बात है। इन उद्देश्यों से अमेरिका जानेवाले भारतवंशियों के लिए एच–1बी वीजा का नवीकरण एक बड़ा मुद्दा रहा है। एच–1बी वीजा अमेरिकी कंपनियां अपने विदेशी कर्मचारियों के लिए जारी करती हैं। ये वीजाधारक अपनी पत्नी–बच्चों के साथ अमेरिका में रह सकता है। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक अमेजान, इंफोसिस, टाटा कंसलटेंसी, अल्फाबेट और मेटा कंपनियां एच–1बी वीजा का सबसे ज्यादा इस्तेमाल कर रही हैं। यह वीजा एक बार में तीन साल के लिए ही जारी किया जाता है। फिलहाल, इस वीजा के नवीकरण के लिए किसी दूसरे देश में स्थित अमेरिकी दूतावास की सेवाएं लेनी पड़ती हैं। लेकिन प्रधानमंत्री की इस यात्रा के बाद बाइडन प्रशासन कुशल भारतीय कामगारों को अमेरिका आने और वहां बने रहने में मदद करने के लिए एच–1बी के वीजा नियमों में बदलाव करने जा रहा है।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब विदेश जाते हैं तो वहां रह रहे भारतवंशी उनका बड़े उत्साह से स्वागत करते हैं। इसका कारण है पिछले कुछ वर्षो में उनका वहां बढ़ा सम्मान। इस सम्मान के साथ–साथ उनकी सुविधाएं भी बढ़ रही हैं। पढ़ाई, नौकरी या व्यवसाय के लिए भारत से अमेरिका जाना आम बात है। इन उद्देश्यों से अमेरिका जानेवाले भारतवंशियों के लिए एच–1बी वीजा का नवीकरण एक बड़ा मुद्दा रहा है। एच–1बी वीजा अमेरिकी कंपनियां अपने विदेशी कर्मचारियों के लिए जारी करती हैं। ये वीजाधारक अपनी पत्नी–बच्चों के साथ अमेरिका में रह सकता है। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक अमेजान, इंफोसिस, टाटा कंसलटेंसी, अल्फाबेट और मेटा कंपनियां एच–1बी वीजा का सबसे ज्यादा इस्तेमाल कर रही हैं।**

अमेरिका में रहनेवाले हजारों भारतीय अब वहां रहते हुए ही अपने एच–1बी वीजा का नवीकरण करवा सकेंगे। अमेरिकी प्रशासन की नीति में इस बदलाव के बाद यह लाभ भारतीयों के साथ–साथ अन्य देशों के निवासियों को भी मिलेगा। विदेश में रह रहे भारतवंशियों को मिलनेवाली इन्हीं सुविधाओं का नतीजा है कि अनेक देशों में प्रधानमंत्री मोदी अपनी इतनी बड़ी–बड़ी सभाएं कर डालते हैं, जितनी भारत के कई नेता भारत में भी नहीं कर पाते।

# आखिर क्यों बढ़ रही है युवा पीढ़ी में मेमोरी लॉस की समस्या?

एक उम्र के बाद अक्सर हम किसी काम को करते समय भूल जाते हैं या याददाश्त कमजोर होने की परेशानी का सामना करते हैं. लेकिन आधुनिक जीवनशैली में युवा पीढ़ी के बीच मेमोरी लॉस की समस्या तेजी से बढ़ रही है. इसमें खराब लाइफस्टाइल मुख्य कारण हो सकता है. इसकी शुरुआत छोटी–छोटी चीजों से होती है और बाद में ना जाने किस हद तक आगे बढ़ जाती है. अगर आपके साथ भी ऐसा कुछ होता है तो आपको अपनी सेहत का थोड़ा सा ध्यान देने की जरूरत है. मेमोरी लॉस के पीछे कई कारण हो सकते हैं आइए ऐसी ही कुछ सामान्य आदतों के बारे में जानते हैं, जिसके कारण लोगों को याददाश्त से संबधित दिक्कतें हो सकती हैं.



**मेमोरी लॉस का कारण**

**1. तनाव**

आधुनिक जीवनशैली में तनाव और दबाव काफी आम हो गए हैं. इसके कारण, युवा लोग अक्सर मानसिक तनाव का सामना करते हैं, जो मेमोरी कमजोर होने का कारण बन सकता है.

**2. अनियमित और असंतुलित आहार**

बढ़ती हुई तेजी और बिजी जीवनशैली के कारण, युवा पीढ़ी अक्सर अनियमित और असंतुलित आहार का सेवन करती है. ऐसे में, उन्हें आवश्यक पोषक तत्वों की कमी हो सकती है, जो मेमोरी के लिए आवश्यक होते हैं.

**3. नींद की कमी**

युवा लोगों के बीच नींद की कमी भी आम हो गई है. अपर्याप्त नींद के कारण मेमोरी प्रभावित हो सकती है और याददाश्त में कमी हो सकती है.

**4.. नशे की लत**

शराब और सिगरेट को युवा स्टेटस सिंबल से जोड़कर इसके आदी होते जा रहें हैं. शुरुआत में इसके प्रभाव के बारे में पता नहीं चलता है लेकिन धीरे–धीरे ब्रेन में डोपामाइन नामक न्यूरोट्रांसमीटर का स्त्रोत कम होने लगता है. डोपामाइन का मेन काम शरीर की कार्यप्रणाली को सही तरीके से चलाना है. ज्यादा शराब या सिगरेट पीने से डोपामाइन की कमी हो सकती है जिसकी वजह से याददाश्त कमजोर हो सकती है.

**5. मोबाइल का अधिक प्रयोग**

कम्प्यूटर और मोबाइल का अधिक प्रयोग भी मेमोरी लॉस की वजह हो सकती है. इससे निकलने वाली रेज ब्रेन के सिस्टम को बिगाड़ सकती है. ऐसे में मेलोट्रिनिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर का स्त्राव बहुत कम हो जाता है जिससे उनमें अनिद्रा की दिक्कत होने लगती है जो आगे चलकर याददाश्त को कमजोर करती है.

**6. जंक फूड है जिम्मेदार**

जंक फूड ज्यादातर ऊपर से तैयार किया जाता है और इसमें पोषक तत्वों की कमी होती है. इसमें विटामिन, मिनरल, एंटीऑक्सिडेंट्स और दूसरे पोषक तत्व, जो दिमाग के लिए जरूरी होते हैं, बहुत कम मात्रा में पाए जाते हैं. ऐसे पोषक तत्वों की कमी दिमाग को सही तरीके से काम करने को असमर्थ कर सकती है. जंक फूड ज्यादातर व्यंगान, चीनी, तेल और आपके लिए हानिकारक फैट्स से भरा होता है जो की मोटापा का कारण भी हो सकता है.

**इस तरह बनाए अपनी याददाश्त तेज**

1. विटामिन– बी का ध्यान रखें
2. पॉलीफेनोल का ध्यान रखें
3. बेसिल सीड्स खाएं
4. मैग्नीशियम मेमोरी को बनाएगा शार्प
5. ब्रेन से जुड़ी एक्सरसाइज करें
6. हर्ब्स और मसालों से बढ़ाएं याददाश्त
7. मेडिटेशन रहेगा मददगार

ये सभी तरीका आपकी मेमोरी को ठीक करने में बेहतर साबित हो सकते हैं. इस बात का खास ध्यान दें कि अपनी डाइट में किसी भी प्रकार का बदलाव करने से पहले एक्सपर्ट की राय जरूर लें.

## किसानों को मोदी सरकार का तोहफा, गन्ने की एमएसपी में बढ़ोतरी का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने किसानों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। आज मोदी कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें गन्ना किसानों के लिए एमएसपी में बढ़ोत्तरी को मंजूरी दी गई है। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कैबिनेट ने चीनी सीजन 2023–24 के लिए गन्ना किसानों के लिए 315 रुपये प्रति क्विंटल के अब तक के उच्चतम उचित और लाभकारी मूल्य को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस निर्णय से 5 करोड़ गन्ना किसानों और उनके आश्रितों के साथ–साथ चीनी मिलों और संबंधित सहायक गतिविधियों में कार्यरत 5 लाख श्रमिकों को लाभ होगा।

पिछले सत्र में गन्ने का न्यूनतम मूल्य 305 रुपये प्रति क्विंटल था। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा अन्नदाता के साथ हैं। सरकार हमेशा कृषि और किसानों को प्राथमिकता देती रही है। उन्होंने कहा कि गन्ने का न्यूनतम मूल्य 2014–15 में 210 रुपये प्रति क्विंटल था। अब वह बढ़कर 2023–24 में 315 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। कैबिनेट कमिटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स यानी ष्टष्टश्व ने 2022–23 से 2024–25 के बीच अगले तीन सालों के लिए 368676.7 करोड़ रुपए के यूरिया सब्सिडी का ऐलान किया है। मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस यानी रूष्ठ के लिए 1451 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है।

## इस वर्ष 18 लाख से ज्यादा जायरीन पहुंचे हज के लिए सऊदी अरब

**रियाद ,एजेंसी।** सऊदी अरब की सरकार ने ऐलान किया है कि इस वर्ष 150 से अधिक देशों के 18 लाख से अधिक हज यात्रियों (जायरीनों) ने हज किया है। जनरल अथॉरिटी फॉर स्टैटिस्टिक्स ने कहा है कि अरब देशों से हज यात्रियों की संख्या 346,000 से अधिक या कुल का 21 प्रतिशत तक पहुंची गई है । सूत्रों के मुताबिक, एशियाई देशों से 10 लाख से अधिक लोग हज करने के लिए सऊदी अरब पहुंचे, जो कुल हज यात्रियों का 63.5 प्रतिशत हैं। लगभग 223,000 अन्य यात्री यानी 13.4 प्रतिशत अरब देशों से इतर अफ्रीकी देशों से आए।

जनरल अथॉरिटी फॉर स्टैटिस्टिक्स के अनुसार, 36,500 से ज्यादा हज यात्री यूरोप, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और अन्य असूचीबद्ध देशों से सऊदी अरब की हज यात्रा के लिए पहुंचे, जो कुल हज यात्रियों का 2.1 प्रतिशत हैं।

## एमपी में बड़ा हादसा : अनियंत्रित होकर उफनती नदी में गिरा ट्रक, 12 लोगों की मौत

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के दतिया जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। जिले के दुरसड़ा थाना क्षेत्र के बुहारा गांव के पास निर्माणाधीन पुल के पास उफनती नदी में डीसीएम गाड़ी (मिनी ट्रक) पलट गई जिसमें एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत की खबर है। साथ ही गाड़ी में सवार 3 दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है।

गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि हादसा कल देर रात हुआ। एक मिनी ट्रक में ग्वालियर के कुछ लोग शादी समारोह के लिए टीकमगढ़ के जतारा जा रहे थे। रास्ते में घुवारा नदी पर बने रपटे पर ट्रक का पिछला पहिया नदी में उतर गया और ट्रक नदी में चला गया।

उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही राहत और बचाव के लिए प्रशासन का अमला रात को ही घटनास्थल पर पहुंच गया था। 12 से अधिक लोगों की मृत्यु की सूचना है। शेष लोग नदी से बाहर निकल आए हैं। उन्होंने बताया कि अभी राहत और बचाव अभियान जारी है। घायलों को तत्काल इलाज के लिए रेफर किया गया है।

# दिल्ली में मुंह मांगे दाम पर हुई बकरों की खरीदारी

## जामा मस्जिद समेत कई मस्जिदों में सुरक्षा की गई सख्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईद–उल–अजहा (बकरीद) को लेकर मुस्लिम बहुल इलाकों में बुधवार देर रात तक खासी चहल–पहल रही। इस अवसर पर लोग नए परिधान से लेकर खान–पान की वस्तुओं की खरीदारी करते नजर आए। वहीं, बकरा मंडियों में खरीदारों को बकरा व्यापारियों को मुंह मांगे दाम देने पड़े। सुबह से ही लोगों का बकरा मंडी पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस अवसर पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों में उत्साह देखते ही बन रहा था। बकरीद को देखते हुए प्रसिद्ध मस्जिद से लेकर इलाकों में स्थित छोटी मस्जिदों में गुरुवार की सुबह की नमाज की तैयारी पूरी कर ली गई है। नमाजियों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए तमाम तरह के इंतजाम किए गए हैं।ईद की विशेष नमाज ज्यादातर मस्जिदों में सुबह सात बजे के आसपास होगी। इस दौरान सुरक्षा के कड़े



इंतजाम किए गए हैं। मुस्लिम समाज के लोगों के साथ ही प्रशासन ने भी तैयारी कर ली है। बकरीद को लेकर मुस्लिम बहुल इलाकों में बुधवार सुबह से ही चहल पहल दिखी। पुरानी दिल्ली में लगा अस्थाई बकरा बाजार भी खरीदारी को भीड़ से खचाखच भरा रहा। बकरा खरीदने के लिए दिनभर लोगों की भीड़ जुट रही है। लोगों ने अमृतसरी नस्ल, तोतापरी, बरबरा, राजस्थानी समेत नई किस्म की नस्लों के बकरे की खरीदारी करते नजर आए। जो बकरा कुछ दिन पहले 60 हजार रुपये का मिल रहा था उसकी कीमत एक लाख पार थी।

कमोबेश यही हाल जामा मस्जिद, चितली कबर, तुर्कमान गेट, लाल कुआं, सीलमपुर, जाफराबाद, ओखला व तुगलकाबाद समेत कई जगह बकरा मंडी का देखने को मिला। हालांकि, कुछ लोगों ने तो काफी पहले ही बकरा खरीदकर पूर्व से ही रख लिया थे।केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (इखढ) की नेत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी पर जॉर्ज सोरोस के साथ सांठगांठ के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जॉर्ज सोरोस और उनके द्वारा फंडेड संगठनों का राहुल गांधी से ताल्लुक नया नहीं पुराना है। इस दौरान स्मृति ईरानी ने एक तस्वीर भी साझा की।

### पाकिस्तान के साथ भारत के रिश्तों पर एस जयशंकर की दो टूक

# सीमापार आतंकवाद हो बंद, तभी बातचीत संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आतंकवाद और उनका समर्थन करने वालों के साथ भारत कभी खड़ा नहीं हो सकता। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बार फिर कही है। दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के साथ रिश्ते को लेकर एस जयशंकर ने कहा,"हम जब पाकिस्तान के साथ रिश्तों की बात करते हैं तो हम कभी भी आतंकवाद को सामान्य घटना नहीं मान सकते। वहीं, हम पाकिस्तान के साथ आतंकवाद को चर्चा का आधार बनाकर बात नहीं करना चाहते हैं।"

उन्होंने आगे कहा, जब तक सीमा पर आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होगा और उसे बढ़ावा देगा, तबतक हम



(भारत) पाकिस्तान के साथ बातचीत नहीं करेंगे।

इसके अलावा, उन्होंने भारत और रूस के बीच रिश्तों पर भी प्रखरता से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा,"तमात असामान्य हालात के बीच दोनों देशों के रिश्ते स्थिर यानी बेहतर बनी हुई है।

उन्होंने आगे कहा कि रूस के साथ हमारे रिश्ते सिर्फ रक्षा क्षेत्र यानी सैन्य उपकरणों की खरीददारी तक सीमित नहीं है। रूस के साथ हमारे संबंधों के आर्थिक हिस्से में भी सुधार हुआ है। चीन के साथ भारत के संबंधों पर भी उन्होंने मुखरता से अपनी बात रखी। जयशंकर ने कहा," चीन के साथ हमारे संबंध काफी कठिन रहे हैं। चीन हमारा एक बड़ा पड़ोसी है, लेकिन कोई भी संबंध उच्च स्तर की पारस्परिकता पर आधारित होना चाहिए।"

जरूरी है कि दोनों देश एक–दूसरे के हितों का सम्मान करे और हमारे बीच हुए समझौतों का पालन होना चाहिए। फिलहाल हमारे सीमा की स्थिति आज भी आसामन्य है।

एस जयशंकर ने आगे कहा,"आज की दुनिया ध्रुवीकृत हो चुकी है।वैश्विक मंच बहुत अधिक चुनौतीपूर्ण है। गौरतलब है कि अमेरिका के साथ हमारे (भारत) संबंध अच्छे हैं।

# बंदर की इस हरकत से परेशान हो गया आधा हापुड़ शहर, चार घंटे बाद मिली राहत

**हापुड़, एजेंसी।** बंदर अक्सर उछल–कूद करते रहते हैं। इनकी हरकतों से कभी–कभी लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। ऐसा ही कुछ उत्तर प्रदेश के हापुड़ शहर के लोगों के साथ हुआ। बुधवार की सुबह आधा हापुड़ शहर बंदर की एक हरकत से परेशान हो गया। हालांकि उन्हें चार घंटे बाद राहत मिल गई। दिल्ली रोड से गुजर रही हाईटेंशन लाइन पर बुधवार सुबह एक बंदर कूद गया। इससे फाल्ट हुआ और दिल्ली रोड प्रथम व द्वितीय बिजली घर बंद हो गए। लगभग चार घंटे तक आधे शहर की बिजली गुल रही। इसके चलते उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।



दोनों बिजलीघर से लगभग 25 हजार भवनों को आपूर्ति दी जाती है। इसमें व्यावसायिक और आवासीय के अलावा औद्योगिक भवन भी शामिल हैं। औद्योगिक भवनों में सुबह से ही कार्य प्रारंभ हो जाता है। बुधवार की सुबह करीब सात बजे अचानक एक बंदर दिल्ली रोड बिजली घर के बाहर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन पर कूद गया। बंदर तो बचकर निकल गया, लेकिन फाल्ट से आपूर्ति गुल हो गई। इसके बाद अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मिलकर लगभग चार घंटे बाद फाल्ट को ठीक किया, जिसके बाद आपूर्ति सुचारू हो सकी। बिजली घर से जुड़े मोहल्ला जवाहरगंज, आर्य नगर, ज्ञानलोक, कलेक्टर गंज, श्रीनगर, पटेल नगर, रामगंज, रघुवीर गंज, गंगापुरा, अर्जुन नगर, हर्ष विहार, राजीव विहार, कोठी गेट, बुलंदशहर रोड, मजीदपुरा, सैनी नगर, रफीक नगर सहित कई मोहल्लों में आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को परेशानी हुई। इस संबंध में अधिशासी अभियंता मनोज कुमार का कहना है कि हाईटेंशन लाइन पर बंदर कूद गया था, जिसके कारण फाल्ट होने से आपूर्ति बंद हुई थी। फाल्ट को दुरुस्त कराकर आपूर्ति सुचारू करा दी गई है।

# भीम आर्मी प्रमुख पर जानलेवा हमला, कमर में लगी गोली

**सहारनपुर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के देवबंद में भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर पर जानलेवा हमला हुआ है। उनकी कमर में गोली लगी है, घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार भीम आर्मी चीफ अपनी कार से किसी कार्यक्रम में जा रहे थे। इसी दौरान उन पर जानलेवा हमला किया गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल की।

एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद देवबंद की गांधी कॉलोनी में किसी के पास मिलने गए थे। वहां से निकलते समय दो युवकों ने उन पर फायरिंग की, जिसमें छर्रे लगने से वह जख्मी हो गए। हमलावर एक कार में सवार होकर फरार हो गए। उपचार के लिए उन्हें देवबंद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस हमलावरों की तलाश में



लगी है। एसपी देहात का कहना है कि अभी हमले का कारण और हमलावरों की जानकारी नहीं हुई है।

एसएसपी विपिन ताड़ा का कहना है कि आजाद समाज पार्टी–कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र शेखर आजाद और भीम आर्मी नेता के काफिले पर हथियारबंद लोगों ने हमला कर दिया। फायरिंग के दौरान हमलावरों की गोली चंद्रशेखर को छूती हुई निकल गई। हालांकि चिकित्सकों के अनुसार वह खतरे से बाहर है। हमलावरों की तलाश में पुलिस जुट गई है। यह भी जानकारी मिल रही है कि हमलावर हरियाणा नंबर की कार से आए थे। उधर भीम आर्मी चीफ पर जानलेवा हमले की खबर सुनते ही उनके समर्थकों में खलबली मच गई। एक दूसरे से चंद्रशेखर के हाल जानने के लिए समर्थक फोन मिलाते रहे।

चंद्रशेखर भाई पर हुआ हमला एक बड़ी साजिश है, इस तरह की घटना उत्तर प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। जल्द हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग करते हैं । हमारे नेता के साथ पूरे देश की जनता खड़ी है हमें कमजोर समझने की गलती ना करें। – पवन गुर्जर, जिला अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी मेरठ

अभी तक की जानकारी के अनुसार हमलावरों की कार हरियाणा नंबर की थी और उसमें चार हमलावर सवार थे। हमलें में जहां चंद्रशेखर घायल हुए हैं वहीं उनकी कार में भी गोली लगी हैं। पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी जुटाई जा रही है। कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है।

वहीं चंद्रशेखर पर हमले की खबर सुनते ही उनके परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। हालांकि चंद्रशेखर की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

# अमेरिकी दौरे पर भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल रही सुनीता विश्वनाथ से मिले थे राहुल गांधी: भाजपा का आरोप

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी की नेत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अमेरिकी यात्रा को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने राजधानी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी पर अलोकतांत्रिक लोगों के साथ मिलने का आरोप लगाया और कई सवाल पूछे।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अमेरिका में एक महिला सुनीता विश्वनाथ के साथ बैठे हैं, जो महिला जॉर्ज सोरोस द्वारा फाइनेंशियली फंडेड है। इसका खुलासा केवल राहुल गांधी ही कर सकते हैं। भाजपा ने इस विषय को पहले भी उठाया था कि किस तरह जॉर्ज सोरोस हिंदुस्तान में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को हटाना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि ऐसी क्या मजबूरी थी कि राहुल गांधी ने जॉर्ज सोरोस की एक सहयोगी के साथ अमेरिका में बैठक की है। इस दौरान स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में की गई बैठक की तस्वीर भी दिखाई। इस तस्वीर में एक महिला भी दिखाई दे रही है। जिसको लेकर सारा बवाल मचा हुआ है।

इस बीच, स्मृति ईरानी ने कहा कि भाजपा ने इस विषय को पहले भी उठाया था कि कैसे जॉर्ज सोरोस भारत में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को हटाना चाहते हैं। सोरोस के इरादे हर भारतवासी को पता थे, तब भी ऐसी क्या मजबूरी थी कि राहुल गांधी ने जॉर्ज सोरोस की एक सहयोगी के साथ अमेरिका में मीटिंग की।



इंटरनेट पर यह जानकारी भी उपलब्ध है कि उनकी 4 जून की न्यूयार्क की बैठक में पंजीयन के लिए एक व्यक्ति का नाम–नंबर दिया गया। वह व्यक्ति तजीम अंसारी है।

उन्होंने कहा कि उनके संबंध इस्लामिक सर्किल आफ नार्थ अमेरिका से पाए गए। इसके बारे में 28 फरवरी, 2019 को यूएस कांग्रेस में एक प्रस्ताव में कहा था कि अंसारी का संपर्क और संबंध जमात ए इस्लामी के साथ है।

केंद्रीय मंत्री ने प्रश्न उठाया कि उनका सहारा लेने की कांग्रेस को नौबत क्यों आ पड़ी। आरोप लगाया कि जॉर्ज सोरोस का और उनके द्वारा वित्त पोषित संगठनों का राहुल गांधी से ताल्लुक नया नहीं, पुराना है। भारत के प्रति जॉर्ज सोरोस के इरादों को हर हिंदुस्तानी जानता है तो क्या राहुल नहीं जानते थे? उनके साथ या उनसे संबद्ध लोगों के साथ गांधी खानदान अपने अपने रिश्तों को और मजबूत कर रहा है?

इस मामले पर कांग्रेस द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे की चर्चा करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि यह जून है, आपातकाल की याद ताजा करते हुए गांधी खानदान ने देश को यह प्रमाण दिया है कि जहां राज्य में उनकी सत्ता है, वहां सत्य को दबाने के लिए वह कहां तक जा सकते हैं।

जॉर्ज सोरोस 92 वर्षीय अमेरिकी अरबपति हैं। उनका जन्म यूरोपीय देश हंगरी में यहूदी परिवार में हुआ था। उनके परिवार ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी के हमले के कारण हंगरी छोड़ दिया था। उस समय सोरोस की उम्र 17 वर्ष थी। जॉर्ज सोरोस पर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने के आरोप लगते रहे हैं।

# कनाडा में अब वर्क परमिट वालों को भी होगी पढ़ाई करने की अनुमति

**चंडीगढ़, एजेंसी।** कनाडा में वर्क परमिट होल्डर अब साथ ही साथ अध्ययन भी कर सकेंगे। अस्थाई तौर पर नियमों में तीन साल के लिए ये बदलाव किए गए हैं। वर्क परमिट की अवधि तक कॉलेजों में पढने़ वालों को अलग से स्टडी परमिट की जरूरत नहीं होगी। कनाडाई सरकार ने एक सार्वजनिक नीति पेश की जो भारतीयों सहित सभी आप्रवासियों के लिए फायदेमंद होगी, ताकि उनके करियर, नौकरी और स्थायी निवास की संभावनाओं को बढ़ावा मिल सके। कनाडा आव्रजन, शरणार्थी और नागरिकता (आईआरसीसी) ने कहा,हर साल, हजारों अस्थायी विदेशी कर्मचारी कनाडा में अपना कौशल लाते हैं, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को चलाने और महत्वपूर्ण श्रम बाजार अंतराल को भरने में मदद मिलती है। जबकि वे कनाडा की समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, विदेशी श्रमिकों को कभी–कभी उन अध्ययन कार्यक्रमों में बाधाओं का सामना करना पड़ता है जिनमें वे अपने सपनों को आगे बढ़ाने और नए अवसर पैदा करने के लिए नामांकन कर सकते हैं। आप्रवासन, शरणार्थी और नागरिकता मंत्री सीन फ्रेजर् ने एक नए अस्थायी उपाय की घोषणा की जिसमें अध्ययन कार्यक्रमों की अवधि पर कोई सीमा नहीं होगी। साथ ही अस्थायी विदेशी कर्मचारी अध्ययन परमिट के बिना नामांकन कर सकते हैं।

तत्काल प्रभाव से, विदेशी श्रमिकों को अतिरिक्त प्रशिक्षण और शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा जो उनके करियर में मदद कर सकता है।

## और लाल हुआ टमाटर, भाव 120 किलो के पार, तमिलनाडु सरकार ने लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली एजेंसी।** हरी सब्जियों के रेट आसमान छूने लगे हैं। वहीं टमाटर की बात करें तो महज एक हफ्ते पहले तक 40 रुपये किलो बिकने वाले टमाटर के भाव 6 गुना बढ़कर 120 रुपये पर पहुंच गए हैं। टमाटर की कीमतों में आए तेज उछाल को सरकार ने अस्थायी और मौसम–जनित परिस्थिति बताते हुए मंगलवार को कहा कि इसके दाम जल्द ही नीचे आ जाएंगे। देश के कई शहरों में 100 रुपए और उससे भी अधिक दाम पर टमाटर बिकने की खबरें आ रही हैं।

उत्तर प्रदेश में तो कीमतें लगभग 200 रुपए तक पहुंच गईं हैं और इसी वजह से खाना बनाने में प्रमुखता से इस्तेमाल होने वाले टमाटर ने घरों का बजट बिगाडने़ का काम किया है।उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में तो मंगलवार को टमाटर की कीमत खुदरा बाजार में 160 रुपए से लेकर 180 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई।

आलम यह है कि जो लोग टमाटर खरीदने के लिए आ रहे हैं, वो दाम सुनकर ही वापस हो जाते हैं और जिन्हें टमाटर ही चाहिए वो सिर्फ 100 से 200 ग्राम टमाटर खरीदने को मजबूर हैं।इस बीच, उपभोक्ता मामलों के विभाग के सचिव रोहित कुमार सिंह ने इस संदर्भ में कहा कि टमाटर की कीमतों में तीव्र वृद्धि एक अस्थायी समस्या है।

# पाकिस्तान में हिंदू नेता के घर चला बुलडोजर

## इमरान खान बोले— मौजूदा सरकार ने देश के लोकतंत्र को किया कमजोर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी और पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ(ढळक) के पूर्व सासंद लाल चंद्र माल्ही पर कार्रवाई करने के लिए बुलडोजर का सहारा लिया है। हिंदू नागरिक लाल चंद्र माल्ही के उमरकोट स्थित घर पर बुलडोजर चलाया गया है।

माल्ही ने इस घटना की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी। उन्होंने एक वीडियो साझा करते हुए इस घटना की जानकारी दी। वीडियो में देखा जा सकता है पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में उनके घर को बुलडोजर के जरिए गिराया जा रहा है।गौरतलब है कि



इस वीडियो को इमरान खान ने रिट्वीट करते हुए घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा,"मैं पीपीपी सरकार द्वारा उमरकोट में लाल माल्ही के पैतृक घर को ध्वस्त करने की कड़ी निंदा करता हूं। लाल माल्ही तहरीक–ए–इंसाफ की अल्पसंख्यक शाखा के अध्यक्ष हैं।" उन्होंने आगे लिखा,"तहरीक–ए–इंसाफ के कार्यकर्ताओं और नेताओं को पार्टी छोड़ने के लिए मजबूर करने के लिए राज्य द्वारा अपनाई गई रणनीति ने न केवल हमारे लोकतंत्र को कमजोर किया है, बल्कि इससे राज्य और नागरिकों के बीच नागरिक समझौते को भी गंभीर (अपूरणीय) क्षति हो रही है।

इमरान खान ने लिखा,सत्ता (सत्तारूढ़ समूह) को इन उपायों की समीक्षा करनी चाहिए! नागरिकों को जुल्म और फासीवाद के तले कुचलकर और उनके बुनियादी अधिकारों को छीनकर न तो अच्छी सरकार संभव है और न ही विकास की कोई संभावना है!"

बता दें कि माल्ही सिंध क्षेत्र में पीटीआई के उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने कुछ महीनों पहले ही नेशनल जनरल असेंबली से इस्तीफा दे दिया था। इसके अलावा, वो पाकिस्तान की संसद में मानवाधिकार समिति के प्रमुख भी रह चुके हैं। माल्ही ने इस घटना पर ट्वीट किया और लिखा,"यह मलबा पाकिस्तान के कानून के शासन का है। इमरान खान की दुश्मनी से सरकार में खलबली मच गई है। मैं एक शांतिपूर्ण कानून का पालन करने वाला हिंदू नागरिक हूं।" उन्होंने आगे लिखा,"पुलिस और प्रशासन ने भारी मशीनरी के साथ उमरकोट (सिंध) में मेरे परिवार की आवासीय संपत्ति को बिना किसी कानूनी औचित्य के ध्वस्त कर दिया। इमरान खान और पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के साथ खड़ा होना मेरी गलती है। माल्ही का जो घर तोड़ा गया वह उनका पुश्तैनी घर था. मल्ही पीटीआई की अल्पसंख्यक शाखा के प्रमुख भी हैं।"

# आईसीसी विश्व कप 2023 क्वालीफायर: वेस्टइंडीज पर पहली बार बाहर होने का खतरा



नई दिल्ली, जिम्बाब्वे और पूर्व चैंपियन श्रीलंका इस साल के एकदिवसीय विश्व कप के लिए अंतिम दो क्वालीफाइंग बर्थ सुरक्षित करने की रेस में सबसे आगे हैं, जबकि वेस्टइंडीज, जिसने दो बार ट्रॉफी जीती है, पर पहली बार टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा है।

सभी चार ग्रुप मैचों में जीत हासिल करने के बाद, जिम्बाब्वे और श्रीलंका ने चार-चार अंकों के साथ क्वालीफायर के महत्वपूर्ण सुपर सिक्स चरण में प्रवेश किया।

संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ 6 विकेट पर 408 रन के राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्कोर के साथ अपने प्रभावशाली बल्लेबाजी प्रदर्शन के साथ, जिम्बाब्वे की टीम आगामी मैचों में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी।सोमवार को यूएसए को 304 रन से हराने वाले मैच में 174 रन बनाने वाले सीन विलियम्स ने कहा, हमने अपनी लय हासिल कर ली है और हम इसे जारी रखने की उम्मीद कर रहे हैं।

विलियम्स टूर्नामेंट में 390 रनों के साथ स्पष्ट रूप से सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने नेपाल के खिलाफ नाबाद शतक के साथ अपना दबदबा दिखाया और इसके बाद नीदरलैंड के खिलाफ 91 रन की ठोस पारी खेली।विलियम्स के अलावा, क्रेग एर्विन और सिकंदर रज़ा दोनों ने उल्लेखनीय शतक बनाए। रज़ा ने न केवल बल्लेबाजी बल्की गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया और आठ विकेट भी लिए।ओमान, श्रीलंका और स्कॉटलैंड के खिलाफ जिम्बाब्वे अपने आगामी मैच हरारे की जगह बुलावायो में खेलेगा। आयोजन स्थल में बदलाव के बावजूद, घरेलू टीम अपने प्रशंसकों के अटूट समर्थन पर भरोसा कर सकती है, जो निस्संदेह उनके पक्ष में काम करेगा।विलियम्स ने कहा, यह एक अलग स्थान है, और इसके बारे में सब कुछ अलग है लेकिन फिर भी हमें दर्शकों का समर्थन मिलेगा और उनका होना हमेशा 12वें खिलाड़ी के होने जैसा होता है।1996 की चैंपियन श्रीलंका की टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में यात्रा अपेक्षाकृत आसान रही। हालाँकि, शुक्रवार को नीदरलैंड के खिलाफ उनका आगामी मैच एक दिलचस्प चुनौती पेश कर सकता है, क्योंकि सुपर ओवर में वेस्टइंडीज पर अपनी उल्लेखनीय जीत के बाद डच टीम नए आत्मविश्वास के साथ खेल में उतर रही है।श्रीलंकाई लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा का टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है और उन्होंने प्रभावशाली ढंग से कुल 18 विकेट लिए हैं। एकदिवसीय मैचों में लगातार तीन बार पांच विकेट लेने की उनकी असाधारण उपलब्धि उन्हें पाकिस्तान के महान गेंदबाज वकार यूनिस की सूची में शामिल करती है।श्रीलंका के दासुन शनाका ने कहा, वह एक चैंपियन गेंदबाज हैं। जब भी मैं उन पर विश्वास करके उन्हें गेंद देता हूं, वह मेरे विश्वास पर खरे उतरते हैं।

जहां जिम्बाब्वे और श्रीलंका का भविष्य उज्ज्वल दिख रहा है, वहीं मेजबान टीम और नीदरलैंड से लगातार हार के बाद वेस्टइंडीज की हालत काफी खराब है।एक समय शक्तिशाली विंडीज़, जिसने 1975 और 1979 में आयोजित शुरुआती दो विश्व कपों में जीत हासिल की थी, अब खुद को ऐसी स्थिति में पाता है जहां उन्हें क्वालीफाइंग का वास्तविक मौका पाने के लिए स्कॉटलैंड, ओमान और श्रीलंका के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी।आगे की चुनौतियों के बारे में कोच डेरेन सैमी, जिन्होंने पहले कप्तान के रूप में वेस्टइंडीज को दो टी20 विश्व कप जीत दिलाई थी, ने कहा, मैं पूरी तरह से समझता हूं कि मुझे इस टीम के साथ किस रास्ते पर चलना है।

# इस साल अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेगा भारत



डबलिन, भारत इस साल अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगा, मंगलवार को आईसीसी ने इसकी घोषणा की। यह श्रृंखला जुलाई और अगस्त में भारत के वेस्टइंडीज के सभी प्रारूपों के दौरे के समापन के तुरंत बाद खेली जाएगी।तीनों मैच 18 से 23 अगस्त के बीच डबलिन के बाहरी इलाके मलाहाइड में आयोजित किए जाएंगे।क्रिकेट आयरलैंड के मुख्य कार्यकारी वॉरेन ड्यूट्रोम ने आईसीसी के हवाले से एक बयान में कहा, हम 12 महीनों में दूसरी बार भारतीय टीम का आयरलैंड में स्वागत करते हुए बेहद खुश हैं। हमारे यहां 2022 में दो मैच काफी सफल रहे थे, इसलिए इस साल तीन मैचों की श्रृंखला होने से हमारे प्रशंसकों को और भी मनोरंजक मैच देखने का मिलेंगे।उन्होंने आगे कहा, भारतीय टीम के व्यस्त कार्यक्रम में आयरलैंड को लगातार शामिल करने और साथ ही प्रशंसकों के अनुकूल कार्यक्रम सुनिश्चित करने के लिए बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) को हमारा हार्दिक धन्यवाद। शुक्रवार और रविवार को मैचों का आयोजन करने के लिए उम्मीद है, क्योंकि इस दिन प्रशंसकों की उपलब्धता अधिकतम होगी।

आयरलैंड बनाम भारत टी-20 श्रृंखला के कार्यक्रम-

18 अगस्तः पहला टी20 मैच (मलाहाइड; प्रारंभ समय दोपहर 3 बजे)

20 अगस्तः दूसरा टी20 मैच (मलाहाइड; प्रारंभ समय दोपहर 3 बजे)

23 अगस्तः तीसरा टी20 मैच (मलाहाइड; प्रारंभ समय दोपहर 3 बजे)।

# आस्ट्रेलिया की तरह गहराई नहीं है इंग्लैंड टीम के पासः टिम पेन



मेलबर्न,आस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन का मानना है कि मौजूदा एशेज श्रृंखला में इंग्लैंड के पास आस्ट्रेलिया जैसी गहराई नहीं है और आस्ट्रेलियाई टीम मैच दर मैच निखरती जायेगी । पहले टेस्ट में दो विकेट से जीत दर्ज करके आस्ट्रेलिया पांच मैचों की श्रृंखला में 1 . 0 से आगे है । पेन ने 'सेन रेडियो' से कहा , पहले टेस्ट में आस्ट्रेलिया का प्रदर्शन औसत रहा । हमने अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है । मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड टीम में आस्ट्रेलिया का सामना करने जैसी गहराई है । श्रृंखला से पहले उन्होंने कहा था कि वे कठोर और सपाट पिचें चाहते हैं । पहले टेस्ट में उन्हें मिली भी लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ ।'

उन्होंने कहा , इंग्लैंड टीम बहुत हद तक जो रूट पर निर्भर करती है । हरी भरी पिच पर उनका शीर्ष क्रम चल नहीं पाता । उनके बल्लेबाजों के लिये बड़ी मुश्किल होने वाली है ।पेन ने कहा कि इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स आक्रामक खेलने में यकीन रखते हैं लेकिन मनोरंजन मार्का क्रिकेट से कई बार परेशानियां खड़ी हो जाती है ।

उन्होंने कहा , जब आपके पास एक जैसे कप्तान और कोच हों तो कई बार देखने में काफी मजा आता है । दोनों का अहम काफी बड़ा है और दोनों काफी आक्रामक है । लेकिन कई बार यह आक्रामकता फैसलों पर भारी पड़ जाती है । पहले टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने पारी की घोषणा में जल्दबाजी कर डाली ।

# ग्लोबल चेस लीग (छठा दिन) : चिंगारी गल्फ टाइटंस और अपग्रेड मुंबा मास्टर्स ने दर्ज की जीत

दुबई,टेक महिंद्रा ग्लोबल चेस लीग में एक से एक रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। मंगलवार को चिंगारी गल्फ टाइटन्स ने इवेंट लीडर- गैंगेज ग्रैंडमास्टर्स पर 9:7 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। एक और रोमांचक मैच में अपग्रेड मुंबा मास्टर्स ने अंतिम दो बोर्ड पर जीत के साथ त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स को हरा दिया।

हार के बावजूद, गैंगेज ग्रैंडमास्टर्स ने ग्लोबल चेस की तालिका में लीग में बढ़त बनाए रखी है, जबकि अपग्रेड मुंबा मास्टर्स एक स्थान ऊपर चढ़कर अब तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

चिंगारी गल्फ टाइटंस बनाम गैंगेज ग्रैंडमास्टर्स (9:7)



ग्लोबल चेस लीग राउंड-रॉबिन दौर के अपने दूसरे मुकाबले में चिंगारी गल्फ टाइटंस का मुकाबला गैंगेज ग्रैंडमास्टर्स से हुआ। पिछले मैच में, गैंगेज ग्रैंडमास्टर्स सफेद रंग में खेले थे और टॉस जीतकर विजयी हुए थे। इस बार काले मोहरों से खेलने की बारी उनकी थी।

गैंगेज ग्रैंडमास्टर्स ने मैच में मामूली मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ प्रवेश किया। इस टीम ने आत्मविश्वास से टाइटन्स के साथ पहला मैच 10: 4 के साथ जीता और टेक महिंद्रा ग्लोबल चेस लीग में भी अपना दबदबा बनाए रखा। इसके विपरीत, टाइटंस संघर्ष कर रहे थे और उन पर स्कोरबोर्ड के नीचे से ऊपर आने का दबाव था।

टाइटंस के लिए पहला ब्रेक बोर्ड-5 पर आया। पोलीना शुवालोवा ने बेला खोटेनशविली के खिलाफ बेहतर स्थिति बनाई। एक जटिल स्थिति में, खोतेनाश्विली ने टाइम ट्रबुल में गलती की और मैच को शुवालोवा को सौंप दिया और अंततः हार गईं। इसके तुरंत बाद दुनिया के दो शीर्ष दिग्गजों रिचर्ड रापोर्ट और शखरियार मामेद्यारोव ने ड्रॉ खेलने का फैसला किया।

डेनियल डुबोव और लेइनियर डोमिंगुएज़ के बीच एक मुश्किल मुकाबले में डुबोव विजयी हुए। उन्होंने टाइटन्स के लिए चार महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। मैच के अधिकांश हिस्से में बढ़त बनाए रखने के बावजूद निहाल सरीन को आंद्रे एसिपेंको से ड्रा खेलना पड़ा।

गैंगेज ग्रैंडमास्टर्स के विशी आनंद ने अपनी टीम को उस समय राहत दी जब उन्होंने आइकन खिलाड़ी बोर्ड-1 पर उनके साथ खेल रहे जन-क्रिस्तोफ डूडा को हराया, लेकिन यह टीम की जीत के लिए पर्याप्त नहीं था। उनके प्रयासों के बावजूद, गैंगेज ग्रैंडमास्टर्स की पूर्व विश्व चैंपियन होउ यिफान तमाम प्रयासों के बावजूद एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक को हराने में सफल नहीं हो सकीं और इस तरह उनका मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। 9:7 के स्कोर के साथ साथ टाइटंस ने एक महत्वपूर्ण जीत हासिल की।अपग्रेड मुंबा मास्टर्स बनाम त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स (10:4)किंग्स के साथ अपने पिछले मुकाबले में अपग्रेड मुंबा मास्टर्स काले मोहरों से खेलते हुए विजयी हुए थे।

## फिल्मी सफर

# आदिपुरुष के टिकट की कीमत घटकर हुई 112 रुपये, अब संपादित संवादों के साथ दिखेगी फिल्म



आदिपुरुष बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत करने के बाद अपने संवाद और खराब वीएफएक्स के चलते विवादों में घिरी हुई है। इस विवाद का असर फिल्म की कमाई पर साफ नजर आ रहा है और इसके कलेक्शन में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। ऐसे में फिल्म की कमाई में सुधार के संकेत नहीं मिलने पर निर्माताओं ने टिकट की कीमतें घटाने का फैसला किया है। अब आज (26 जून) से फिल्म को 112 रुपये में देख सकेंगे। आदिपुरुष के निर्माताओं की ओर से फिल्म की कमाई में इजाफा कराने के लिए यह फैसला लिया गया है। टी-सीरीज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर टिकट सस्ते होने की जानकारी दी है। फिल्म के पोस्टर को साझा करते हुए लिखा गया है कि अब से इसकी टिकट 112 रुपये कर दी गई है। साथ ही पोस्टर पर यह जानकारी भी दी गई है कि अब फिल्म अपने बदले हुए संवादों के साथ ही दिखाई जाएगी।टी-सीरीज की पोस्ट पर ही लोग कमेंट कर फिल्म के प्रति अपनी नाराजगी का इजहार कर रहे हैं। उनका कहना है कि टिकट की कीमत एक रुपये भी कर दी जाएगी तो भी कोई फिल्म देखने नहीं जाएगा। एक ने लिखा, हमारी भावनाओं से साथ मत खेलो तो दूसरे ने लिखा, बस करो अब, डायलॉग बदलकर पूरी फिल्म थोड़ी न बदल सकते हो। एक अन्य ने लिखा, भगवान का मजाक बना दिया है। फ्री में भी नहीं देखेंगे। फिल्म के निर्माताओं की ओर से पहले भी दर्शकों को ऑफर दिया गया था, लेकिन उससे कुछ खास फायदा नहीं हुआ था। दरअसल, 22 और 23 जून को फिल्म की टिकट 150 रुपये कर दी गई थी, लेकिन यह केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के लिए नहीं था। हालांकि, इस बार निर्माताओं की ओर से ऐसी कोई जानकारी नहीं दी गई है इसलिए 112 रुपये में फिल्म देखने का ऑफर सभी जगहों के लिए है। आदिपुरुष की कमाई में आए दिन अब गिरावट देखने को मिल रही है। फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने में सफल नहीं हो पा रही है। अभी तक आए आंकड़ों के मुताबिक, फिल्म ने 10वें दिन यानी रविवार को 6 करोड़ रुपये कमाए हैं। ऐसे में इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 274.55 करोड़ रुपये हो गया है।

### नए गाने यार का सताया हुआ है में शहनाज़ के साथ नजर आएंगे नवाजुद्दीन

एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी और शहनाज गिल ने अपकमिंग ट्रैक यार का सताया हुआ है का पोस्टर रविवार को लॉन्च किया है। उन्होंने पोस्टर को लॉन्च करते हुए जो कैप्शन दिया है उससे लगता है कि गाना प्यार और धोखे के बारे में है।

पोस्टर में एक्टर नवाजुद्दीन को नए लुक में देखा जा सकता है। यह पहली बार होगा जब दोनों स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। एक्टर नवाजुद्दीन ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए इसे कैप्शन दिया, मैं पागल हूं, और बहुत पागल, पर ये भी बात है कि दिल सच्चा है, छीन तो लेता तुझे सरेआम मैं, पर मसला ये है कि शौहर तेरा आदमी अच्छा है। नवाजुद्दीन का यार का सताया हुआ है जोहराजबीं एल्बम का गाना है और इसे बी प्राक ने गाया है। गाना 3 जुलाई को रिलीज होगा। इससे पहले नवाजुद्दीन का पहला म्यूजिकल एल्बम बारिश की जाए गाना भी धमाल मचा चुका था और उसे दर्शकों का खूब प्यार मिला था।

# बद्तमीज दिल में खूब जमी रिद्धि डोगरा की बरुण सोबती के साथ केमिस्ट्री, लकड़बग्घा में ऐसा होगा एक्ट्रेस का रोल

रिद्धि डोगरा की फिल्म लकड़बग्घा 30 जून को जी 5 पर रिलीज होने वाली है. इससे पहले उनकी दो वेब सीरीज, असुर 2 और बद्तमीज दिल को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं. एबीपी लाइव को दिए अपने एक्सक्लूजिव इंटरव्यू में रिद्धि डोगरा ने अपनी वेब सीरीज बद्तमीज दिल और फिल्म लकड़बग्घा को लेकर बात की.

अपनी हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज बद्तमीज दिल में बरुण सोबती के साथ अपनी केमिस्ट्री को लेकर जब एबीपी न्यूज ने उनसे सवाल किया तो उन्होंने कहा कि उन्हें अच्छा लग रहा है कि लोग उनकी और बरुण की केमिस्ट्री को पसंद कर रहे हैं. उन्होंने कहा- बरुण बहुत अच्छा एक्टर है, बहुत मजा आता है उसके साथ काम करने में ... मैं बहुत खुश होउंगी अगर मुझे उसके साथ और शोज करने का मौका मिले...उसके साथ बहुत कंफर्ट



क्योंकि उसे मैं पर्सनली जानती हूं....रिद्धि ने आगे लकड़बग्घा में अपने कैरेक्टर के बारे में भी बताया. उन्होंने कहा- लकड़बग्घा में मैं अक्षरा डिसूजा का कैरेक्टर प्ले कर रही हूं जो एक कॉप है और ये एक एनीमल विजिलेंटा की कहानी है तो एक कॉप जो सही और गलत के बीच... अक्षरा कहीं न कहीं वो कैरेक्टर हैं जो एक ग्रे एरिया में और वो इंवेस्टीगेशन कर रही हैं...वो केस को सॉल्व कर रही हैं... लेकिन बहुत सी चीजें उनके दिमाग में चल रही हैं जो उन्हें इफेक्ट करती हैं...

बता दें कि रिद्धि के पास इस साल 5 प्रोजेक्ट्स हैं जिनमें असुर 2 और बद्तमीज दिल शामिल हैं जो कि ओटीटी पर रिलीज की जा चुकी हैं.

# अविका गौर की फिल्म 1920 हॉरर्स ऑफ हार्ट ने तीसरे दिन की शानदार कमाई



जहां एक ओर थिएटर्स में आदिपुरुष को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं दूसरी और थिएटर्स में हॉरर फिल्म 1920 हॉरर्स ऑफ हार्ट ने भी दस्तक दी है. विक्रम भट्ट की बेटी कृष्णा भट्ट के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म की कहानी खुद विक्रम भट्ट ने लिखी है. महेश भट्ट और मुकेश भट्ट की इस हॉरर फिल्म को तमिल और तेलुगू में भी रिलीज किया गया है. फिल्म को लिमिटेड स्क्रीन्स मिली हैं. फिर भी फिल्म अच्छी कमाई कर रही है.

तीसरे दिन इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन कमाई की है. रिपोर्ट के अनुसार ओपनिंग डे पर इस फिल्म ने 1.64 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया, जबकि दूसरे दिन शनिवार को ये आंकड़ा 2.05 करोड़ तक पहुंच गया. वहीं फिल्म ने तीसरे दिन यानी रविवार को 2.25 करोड़ रुपये के कलेक्शन के साथ अब तक की सबसे ज्यादा कमाई की है. इस प्रकार तीन दिनों में कुल मिलाकर फिल्म ने 5.94 रुपये का कलेक्शन कर लिया है. तीसरे दिन 1920 हॉरर्स ऑफ हार्टकी हिंदी में ऑक्यूपेंसी 18.52 प्रतिशत रही.

# एकता कपूर के नए शो में जल्द ही नजर आएगी शिवांगी जोशी

एकता कपूर के नए शो बरसातें-मौसम प्यार का में जल्द ही एक्ट्रेस शिवांगी जोशी नजर आएगी। एक्ट्रेस ने शो की निर्माता एकता कपूर की प्रशंसा करते हुए कहा कि एकता इस शो के साथ कुछ अलग करने की कोशिश कर रही हैं, वह उम्मीद कर रही है, कि यह शो दर्शकों को जरूर पसंद आएगा।

एक्ट्रेस शिवांगी को हाल ही में मुंबई में आयोजित गोल्डन ग्लोरी अवार्ड्स में देखा गया था, जहां उन्होंने अपने नए शो के बारे में बात की थी। एक्ट्रेस ने कहा कि यह हमारे नए शो बरसातें मौसम प्यार का को लाने का बिल्कुल सही समय है। यह एक बहुत ही खूबसूरत शो है। टेलीविजन की रानी एकता, जिन्होंने टेलीविजन की दुनिया को बदल दिया है, इस शो के साथ कुछ अलग करने की कोशिश कर रही हैं। उम्मीद है कि हम ऐसा करने में कामयाब होंगे।



शो में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं इस शो में एक पत्रकार की भूमिका निभा रही हूं। इसको लेकर मैं पत्रकार के जीवन के बारे कई चीजें सीख रही हूं। शो में शिवांगी कुशाल टंडन के साथ नजर आएंगी। इस फ्रेश जोड़ी के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि अब तक हमें जो रिस्पॉन्स मिल रहा है, वह बहुत अच्छा है, यह एक अलग जोड़ी है और लोग इसे पसंद कर रहे हैं, मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी हमें पसंद करेंगे। बरसातें मौसम प्यार का 10 जुलाई से सोनी टीवी पर प्रसारित होगा।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com